

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 264 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 19 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त 325 आवेदन में से 201 आवेदन ...

भाजपा ने किया विशाल धरना प्रदर्शन — पेज -8 पर


**भूमि प्रबंधन के लिए देश के शीर्ष जिलों में बेमेतरा और सरगुजा ने बनाई जगह**

# छत्तीसगढ़ को राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के हाथों मिला भूमि सम्मान

**रायपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को भूमि सम्मान से नवाजा गया। उसके साथ ही प्रदेश के दो जिलों सरगुजा और बेमेतरा को भी भूमि प्रबंधन और प्रशासन के लिए भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश को भूमि प्रबंधन के लिए सम्मान मिलना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने प्रदेश के राजस्व विभाग और सरगुजा तथा बेमेतरा जिला प्रशासन को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉडर्नाईजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी)





अंतर्गत प्रदेश में बेहतर काम हुए है, जिससे आम लोगों को भूमि संबंधी जानकारियां मिलना आसान हुआ है। गौरतलब है कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) अंतर्गत प्रदेश में भूमि प्रबंधन से जुड़े 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इसी तरह भूमि प्रबंधन से जुड़े चार घटकों, लैण्ड रिकार्ड का डिजिटाइजेशन, पंजीयन कार्यालय से समन्वय, मॉडल रिकार्ड रूम की स्थापना में प्रदेश के सरगुजा और बेमेतरा जिले में शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

ये जिले भूमि प्रबंधन में देश के शीर्ष जिलों में शामिल हैं। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तर में नीलम नामदेव एक्का सचिव राजस्व विभाग, किरण कौशल महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, रमेश शर्मा संचालक भू-अभिलेख ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के हाथों लैंड गवर्नेंस और प्रशासन में छत्तीसगढ़ को मिला भूमि सम्मान ग्रहण किया। इसी प्रकार बेमेतरा कलेक्टर पीएस एल्मा और सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने राष्ट्रपति के हाथों भूमि सम्मान ग्रहण किया। पुरस्कार समारोह में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, और केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री सोनमणि बोरा उपस्थित थे।

## एक नजर

### दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ अगले दिन के लिए स्थगित हुई सदन की कार्यवाही



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन मंगलवार को दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि दी गई. विद्यारतन भसीन और अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री भानुप्रताप सिंह को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के साथ सदस्यों ने याद किया. इसके साथ ही सदन की पहले दिन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विद्यारतन भसीन मिलनसार व्यक्ति थे. दलगत भावना से ऊपर उठाकर सभी से उनका अच्छा संबंध था. उनका स्वास्थ्य ख़राब था तो मैं उनसे मिलने गया था. इतनी बड़ी बीमारी के बाद भी उन्होंने जताया नहीं. कठिन समय में ऐसा व्यवहार करना महत्वपूर्ण है. वहीं भानुप्रताप सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि राजा चक्रधर के छोटे भाई थे. समाज सेवा में वो सक्रिय रहे। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि विद्यारतन की अंत्येष्टि में हम सब गये थे. वो बहुत विनम्र व्यक्ति थे. दो बार विधायक रहकर उन्होंने जनता की सेवा की. इतनी बड़ी बीमारी को उन्होंने छिपाकर रखा।

# पत्थर खदान में खुलेआम हो रहा विस्फोटक सामग्री का उपयोग जिम्मेदार अनजान, सुरक्षा पर सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रसूखदारों के आगे सिस्टम के घुटने टेक देने की रवायत अब भी बदस्तूर जारी है। लेकिन जब जिम्मेदार ऐसी गतिविधियों पर भी आंखे मूंदे बैठे रहते हैं जो पर्यावरण के साथ-साथ मानव जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करने की क्षमता रखता है तो ऐसे में सत्तापक्ष के भरोसे का दावा भी अपनी विश्वसनीयता खोने लगता है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

इस खतरनाक गतिविधि को अंजाम देने वाले लोगों की हेकड़ी इतनी बढ़ गई है कि वे मानों खुद को कानून से ऊपर समझने लगे हैं और नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अपना हित साध रहे हैं। ऐसा ही एक मामला धरमजयगढ़ क्षेत्र के सेमीपाली गांव में सामने आया है। सेमीपाली में एक क्रशर व पत्थर खदान स्थापित किया गया है। जो सुनील कुमार अग्रवाल के नाम पर संचालित है। इस खदान में काफ ी समय से खुलेआम विस्फोटक सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। हैरानी यह कि स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को इस बात की कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से यह मामला और अधिक गंभीर हो जाता है। इसके बाद भी संबंधित कंपनी के द्वारा डंके की चोट पर उस खदान में विस्फोटक का इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारी टीम ने इस बात की पुष्टि के लिए उस इलाके का मुआयना किया। जिसमें कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा यह बताया गया कि हर दिन डेढ़ बजे खदान में ब्लास्टिंग की जाती है। एक स्थानीय युवक हमें उस स्थान पर भी लेकर गया जहां ब्लास्टिंग से उड़कर बोल्डर बिखरे पड़े हुए थे।

यानी विस्फोटक की क्षमता इतनी अधिक है जिससे प्रभाव से पत्थर सैकड़ों मीटर दूर छिटक रहे हैं। युवक ने बताया कि ब्लास्टिंग से पहले खदान के गार्ड व्हिसिल से वार्निंग देते हैं ताकि प्रभावित क्षेत्र में आसपास के लोग न जाएं। इस तरह सेमीपाली के पत्थर खदान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से ब्लास्टिंग की जा रही है। साथ ही घातक विस्फोटक सामग्री का गुपचुप परिवहन आम लोगों के सुरक्षा को लेकर भी बड़े सवाल खड़े करता है। यही नहीं यह स्थिति सिस्टम व कॉर्पोरेट के गठजोड़ का एक और बदतर उदाहरण पेश करता है। इस पूरे मामले में हमने धरमजयगढ़ थाना प्रभारी अमित तिवारी से बात की। उन्होंने बताया कि विस्फोटक सामग्री के उपयोग के बारे में पुलिस को सूचना दिए जाने का नियम है। टीआई ने बताया कि सेमीपाली के क्रशर खदान में ब्लास्टिंग के लिए विस्फोटक सामग्री उपयोग के संबंध में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है। वहीं, धरमजयगढ़ तहसीलदार ने भी इस तरह की गतिविधियों के बारे में जानकारी होने से इंकार किया।



# रायपुर में एसटी-एससी युवाओं का नग्न प्रदर्शन






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार को ST-SC युवाओं ने पूरी तरह से नग्न होकर प्रदर्शन किया है। उन्होंने फर्जी जाति सर्टिफिकेट बनवाकर सरकारी नौकरी करने वालों के खिलाफ सरकार से कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध जताया है। प्रदर्शनकारी नग्न होकर विधानसभा घेराव करने निकले, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विधानसभा सत्र में शामिल होने जा रहे मंत्री रुद्रगुरु अनिला भेड़िया का काफिला गुजर रहा था उसी समय युवाओं ने नग्न प्रदर्शन किया है। इस विरोध-प्रदर्शन को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार की नाकामी करार दिया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में इन दिनों फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने का मामला गरमाया हुआ है। राज्य निर्माण के बाद कई सरकारी विभागों को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि उनके यहां कई गैर आरक्षित वर्ग के लोगों ने फर्जी जाति सर्टिफिकेट बनाकर सरकारी नौकरी हासिल की है। मामले के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने उच्चस्तरीय जाति छानबीन समिति गठित कर दी, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। सरकार के इस आदेश के बाद कई लोग कोर्ट पहुंच गए। इस बीच इनमें से कई रिटायर भी हो गए। कुल मिलाकर इस सरकारी आदेश का अब तक पालन नहीं हो पाया। ऐसे में कई ऐसे अधिकारी-कर्मचारी ऐसे हैं, जो आज भी नौकरी पर बने हुए हैं।

# अल्ट्राटेक प्लांट में बड़ा धमाका, 3 लोगों की मौत, ऑक्सीजन सिलेंडर हुआ ब्लास्ट

**बलोदा बाजार।** बलौदाबाजार जिले के हिरमी में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में बड़ा धमका हुआ है। जिसकी चपेट में आने से 3 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाका इतना जबरदस्त की तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों के चीथड़े उड़ गए हैं। उनके शरीर के हिस्से दूर जा गिरे।

बताया जा रहा है कि यहां मंगलवार अचानक से ऑक्सीजन



सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। जिसके चलते यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद प्लांट के अंदर अफरा तफरी मच गई। गांव के लोग भी ब्लास्ट की आवाज सुनकर घर से बाहर आ गए। मामला सुहेला थाना क्षेत्र का है। वहीं घायलों को किसी तरह से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। घटना की पुष्टि एसएसपी दीपक कुमार झा ने की है। मौके पर पुलिस की टीम भी पहुंच गई है। इस हादसे में जिन मजदूरों की मौत हुई है। वह सभी ठेकाकर्मी थे।

### धरने पर बैठे मजदूर

*मंगलवार दोपहर के वक्त मजदूर लाइन टू में कटर मशीन से काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से ब्लास्ट हुआ।*

# फूलो देवी नेताम ने दिया इस्तीफा

*राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी जानकारी, बोलीं- मुझे 7 साल हो गए थे किसी और को बनाएं महिला कांग्रेस अध्यक्ष*

**रायपुर ।** राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम ने इस्तीफा दे दिया है। महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद से उन्होंने यह इस्तीफा दिया है। अब प्रदेश महिला कांग्रेस की नई अध्यक्ष जल्द ही नियुक्त की जा सकती है। फूलो देवी नेताम ने राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा को अपना इस्तीफा भेज दिया है।

इस्तीफे में फूलो देवी नेताम ने लिखा है कि मुझे छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर



काम करने का मौका मिला। समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहा। छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की सभी महिलाओं की आभारी हूं जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया। जिनके सहयोग से ही मैं अपना कार्यकाल संपन्न कर चुकी हूं। फूलो देवी ने आगे लिखा है- छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा के पद पर मुझे 7 साल हो चुके हैं, और मेरा यह मानना है कि इस पद पर अब किसी अन्य महिला साथी को काम करने का मौका मिलना चाहिए। इसलिए फूलो देवी नेताम ने छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से खुद को कार्य मुक्त करते हुए अपना इस्तीफा सौंप दिया है।



PHULODEVI NETAM, MP
STATE PRESIDENT

फूलोदेवी नेताम, सांसद
प्रदेश अध्यक्ष

Chhattisgarh Pradesh Mahila Congress

दिनांक : 17.07.2023
MPRS/CG/2023/108

आदरणीया डिसूजा मैडम,

मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा के पद पर काम करने का मौका दिया। समय-समय पर आपका मार्गदर्शन भी मुझे मिलता रहा इसके लिए भी मैं आपकी आभारी हूं। मैं छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की सभी महिलाओं की भी आभारी हूं जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया और जिनके जिनके सहयोग से ही मैं अपना कार्यकाल सम्पन्न कर सकी हूं। चूंकि छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा के पद पर मुझे 7 वर्ष हो चुके हैं और मेरा यह मानना है कि इस पद पर अब किसी अन्य महिला साथी को काम करने का मौका मिलना चाहिए।

अतः आपसे अनुरोध है कि मुझे छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा के पद से कार्यमुक्त करने का कष्ट करें। मैं पार्टी को मजबूत करने के लिए समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती रहूंगी।

## यात्री बस और मेटाडोर में जबरदस्त भिड़ंत

**जगदलपुर।** जगदलपुर-रायपुर एनएच 30 पर यात्री बस और मेटाडोर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई. टक्कर में मेटाडोर ड्राइवर जहां केबिन में फंस गया, वहीं बस में सवार करीबन आधा दर्जन यात्रियों को चोट आई है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र में घटना सुबह 6 बजे घटित हुई है. दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मेटोडोर के ड्राइवर को केबिन काटकर बाहर निकाला. 108 की मदद की सभी घायलों को उपचार के लिए मेकाज अस्पताल ले जाया गया है.

**आभार जताया...** *मुख्यमंत्री के निर्देश पर एम्स में हुआ सफल कॉक्लियर इंप्लांट*

# 8 साल बाद वर्षा ने सुनी माँ की आवाज, ‘कका‘ कहकर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**रायपुर।** ‘‘मां ने मुझे जन्म दिया, पिता ने अभयदान, उनके प्यार दुलार को सुनने कका, तुमने मुझको दिया जीवनदान‘‘ इन भावुकतापूर्ण शब्दों से ज़ाहिर होती भावनाएं उस आठ साल की बिटिया वर्षा की हैं, जिसने श्रवण बाधित होने की वजह से जन्म से कभी अपनी मां की आवाज़ ही नहीं सुनी थी।



मगर अब नन्हीं वर्षा के जीवन मे खामोशी नहीं स्वर गूंज रहे हैं। आज वर्षा का भावुक परिवार विधानसभा पहुंचा था। उनके पास मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने के लिए शब्द नहीं सूझ रहे थे। बिटिया ने समस्या स्वत: ही हल कर दी। बिटिया ने अपनी मीठी आवाज में कहा, धन्यवाद कका। मुख्यमंत्री ने बिटिया को खूब दुलारा। इस बिटिया को अपनी आवाज काक्लियर इम्प्लांट से वापस मिल गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एम्स रायपुर में वर्षा बिटिया का सफल इंप्लांट हुआ है। नन्ही वर्षा जीवन में पहली बार अपने माता पिता की आवाज़ सुन रही है। माता को पहली बार मां बुला रही है और छोटे भाई को बाबू कह रही है। इसी खुशी को जाहिर करने वर्षा का परिवार आज विधानसभा पहुंचा और मुख्यमंत्री का आभार जताया। जब पहली बार आवाजों की दुनिया को महसूस कर रही वर्षा बिटिया ने मुख्यमंत्री को ‘कका‘ कहकर पुकारा तो मुख्यमंत्री भावविभोर होकर बिटिया को खूब आशीर्वाद दिया। वर्षा के परिवार ने आभार जताते हुए मुख्यमंत्री का पोट्रेट उन्हें भेंट किया और कहा कि वे ज़िंदगी भर इस सहयोग को नहीं भूलेंगे।

# मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य के किसानों से खरीदा जाएगा प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान

## धान खरीदी व्यवस्था के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक संपन्न

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा की अनुरूप छत्तीसगढ़ में पंजीकृत किसानों से आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 में 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जाएगी।

खाद्य मंत्री अमरजीत की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित सभाकक्ष में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक हुई। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन



धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन, कृषक पंजीयन, बारदाना एवं वित्तीय व्यवस्था संबंधी नीति के निर्धारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मंत्रिमंडलीय उपसमिति के सदस्यों में कृषि

**धान खरीदी के लिए बारदाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देश**

**सहकारी समितियों को मजबूत करने पर दिया बल**

उत्पादन मंत्री ताम्रध्वज साहू और वन मंत्री मोहम्मद अकबर बैठक में शामिल हुए। बैठक में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहकारिता मंत्री रवीन्द्र चौबे भी जुड़े। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में मंत्रियों ने कहा कि राज्य में सहकारी समितियों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी का संचालन किया जाता है।

# बीमा क्षेत्र को बदल देगा संशोधित विधेयक, आर्थिक विकास को बढ़ावा और बड़े स्तर पर सृजित होगें रोजगार

अब जबकि संसद का मानसून सत्र आ चला है, कई विधेयकों पर सभी की नजर है, जिनमें कुछ ऐसे भी हैं, जो आर्थिक, वित्तीय और कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े हुए हैं। इनमें एक ऐसा विधेयक है, जिसे सुधारवादी ही नहीं, रोजगार प्रेरक माना जा रहा है। यह बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2023 है और पारित होने पर यह गेम चेंजर साबित हो सकता है।

इसके पारित होने पर बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुलेंगे और निवेश भी बढ़ेगा। इसे इसी सत्र में रखा जाएगा और लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का बहुमत होने के कारण इसका पारित होना तय ही है। उम्मीद है कि इसे राज्यसभा में भी पारित होने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी।

यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि बीमा और स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में बड़ी तादाद में नई कंपनियां उतरेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।

विकसित देशों की तुलना में भारत में बहुत कम लोग व्यक्तिगत बीमा के अंदर आते हैं। लेकिन सरकार के प्रयासों और आर्थिक मदद की वजह से 2021 तक 51 करोड़ से भी ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य बीमा हो चुका था। और इस मद में बीमा उद्योग की सकल प्रीमियम आय 470 अरब रुपये थी। भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया का नवां बीमा प्रीमियम बाजार है, लेकिन देश की आबादी का महज 3.30 फीसदी ही जीवन बीमा के दायरे में है। इसे ध्यान में रखकर बीमा नियामक आईआरडीएआई ने 2047 तक %सभी के लिए बीमा% का मिशन शुरू किया है, जिससे बीमा पैठ में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे कारोबार करने में सुगमता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी तथा क्षेत्र को अधिक निवेश-अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। इससे



2027 तक ही भारतीय बीमा बाजार के 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। अभी भारत में महज 24 जीवन बीमा कंपनियां हैं और 31 सामान्य बीमा कंपनियां काम कर रही हैं। इस विधेयक के पारित होने के बाद सामान्य कंपनियां भी बीमा के कारोबार में कदम रख सकती हैं।

यह विधेयक इस दृष्टि से अनूठा है कि इसमें बीमा कंपनी

*यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा।*

खोलने के लिए बाध्यकारी 100 करोड़ रुपये की सीमा को खत्म किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक कारोबारी इस क्षेत्र में कदम रख सकें। अब भारत में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा एक साथ हो सकेंगे, जिससे बीमाधारक को बड़ी-बड़ी हेल्थ कंपनियों की सेवाएं बीमा के पैसे से ही मिल सकेंगी। अमेरिका-यूरोप में ऐसी व्यवस्था पहले से है। भारत में सरकार इस क्षेत्र में काम कर रही सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी घटाने का काम शुरू कर चुकी है। इससे इस क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए रास्ता खुलेगा।

संसद के मानसून सत्र में इस बार कई और भी विधेयक रखे जाएंगे, जिनमें कंपनियों के दिवालिया होने पर आगे उनके अधिग्रहण को आसान बनाने के लिए भी एक विधेयक है, जिससे समय बर्बाद नहीं होगा और पुरानी कंपनी को कोई नई कंपनी अपने हाथ में ले सकेगी। दरअसल, यह 2016 में बनाए गए इंसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) में संशोधन है, जिससे दीवालियापन की प्रक्रिया में तेजी आए और सबसे उपयुक्त दावेदार को शीघ्र उसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि संपत्ति बर्बाद न हो। इस बार कर कानूनों में संशोधन से भी जुड़ा विधेयक रखा जाएगा, जिससे टैक्स देने वालों को आसानी होगी और जटिलता खत्म होगी। लेकिन संसद के पिछले सत्र में हमने देखा कि विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस ने इतना हंगामा किया कि दोनों सदनों के कामकाज में बहुत बाधा पहुंची और कई सारे बिल धरे रह गए। कर्नाटक का चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं और वह संसद में हंगामे के लिए तैयार है। इसके लिए वह मणिपुर में हुई हिंसा को मुद्दा बनाएगी। इसके अलावा, चूंकि सत्तारूढ़ दल ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) से जुड़े विधेयक को लाने का इरादा जताया है, उस पर भी हंगामा हो सकता है। जाहिर है, इसमें संसद का काफी समय बर्बाद होगा और कई महत्वपूर्ण विधेयक प्रभावित हो सकते हैं।

मधुरेंद्र सिन्हा

## संपादकीय

### राज्यों के बंटवारे को हवा मिलेगी

अनायास नहीं है जो मणिपुर में तीन मई से शुरू हुई हिंसा के दो महीने पूरे होने के बाद राज्य के बंटवारे की मांग तेज हो गई है। ऐसा लग रहा है कि कुछ लोग इस इंतजार में बैठे थे कि राज्य में हिंसा हो और कुकी व मैती समुदाय के बीच तनाव बढ़े तो राज्य के बंटवारे की मांग उठाएं। अब कुकी आदिवासियों के संगठन केआईएम ने अलग कुकी राज्य बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कुकी और मैती के बीच अविश्वास इतना बढ़ गया है कि अब दोनों साथ नहीं रह सकते हैं। अगर दोनों साथ रहे तो हिंसा चलती रहेगी। ध्यान रहे जहां भी एक बार इस तरह की बात शुरू हो जाती है तो वह बात समाप्त नहीं होती है। वह चलती जाती है और समुदायों के बीच खाई गहरी होती जाती है।

मणिपुर के नगा भाषी लोगों के क्षेत्र को नगालैंड में मिला कर वृहत्तर नगालिम बनाने की मांग दशकों से चल रही है। अलग कुकी राज्य की मांग के साथ ही वृहत्तर नगालिम की मांग तेज हो जाए तो हैरानी नहीं होगी। उधर त्रिपुरा में पहले ही टिपरा मोथा ने अलग राज्य की मांग रखी है। हैरानी की बात है कि टिपरा मोथा के नेता प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मन की कई बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात हुई है। उनकी पार्टी अलग ग्रेटर टिपरालैंड की मांग करती है। पहले भाजपा ने इस मांग को खारिज कर दिया था लेकिन चुनाव के बाद भाजपा ने टिपरा मोथा के साथ तालमेल किया। प्रद्योत देब बर्मन की पार्टी ने भाजपा की सरकार को समर्थन किया। एक दूसरी आदिवासी पार्टी पहले से भाजपा के समर्थन में है।

# पौधों की सुरक्षा पर रखें विशेष जोर-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

** कलेक्टर सिन्हा ने कुपोषित बच्चों की गृह भेंट कर मॉनिटरिंग के दिए निर्देश * 24 जुलाई से रोजगार मेला सप्ताह, कलेक्टर ने कहा पूरी कर लें तैयारी*

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में वृहत वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। पौधे लगाने के साथ पौधों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना है। जिससे ये पौधे विकसित होकर पेड़ बने। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। जिले में वृहत वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर सिन्हा की पहल पर 1 हजार एकड़ में 5 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। हरेली के दिन 17 जुलाई को तमनार के मौहापाली से अभियान की शुरुआत की गई है। कलेक्टर सिन्हा ने महिला बाल विकास विभाग के काम की समीक्षा करते हुए कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग



जरूरी है। पिछले दिनों दौरे पर देखने को मिला कि कुपोषित बच्चे आंगनबाड़ी ही नही आए थे। ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। ऐसे बच्चों के पालकों को समझाइश दें कि बच्चों के सेहत की उचित देखरेख और पोषण आहार देना बेहद जरूरी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐसे बच्चों के अनिवार्य रूप से गृह भेंट करें। स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल करें। इसके साथ ही

### आश्रम छात्रावास का प्रतिमाह निरीक्षण करें अधिकारी

उन्होंने कुपोषित बच्चों वाले पंचायतों की मैपिंग करने के लिए कहा। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की निगरानी की जा सके। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि इसके साथ ही सभी अधिकारी जिनकी ड्यूटी छात्रावास और आश्रमों के निरीक्षण में लगी है उनके प्रतिमाह निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें। 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित विभागों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की भी समीक्षा की। बताया गया कि सभी ब्लॉक में कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को इसके लिए विशेष शिविर भी आयोजित होने जा रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा अधिक से अधिक लोगों के कार्ड इस शिविर के माध्यम से बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिले में खाद बीज के भंडारण और वितरण के बारे में जानकारी ली। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अभी खाद का पर्याप्त भंडारण है।

### 24 से शुरू होगा रोजगार मेला सप्ताह, तैयारियां पूरा करने के निर्देश

कलेक्टर सिन्हा ने 24 जुलाई से शुरू होने वाले रोजगार मेला सप्ताह की तैयारियों पर चर्चा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि 'रोजगार मितान पोर्टल' पर सभी वेकेंसी डिसप्ले होनी चाहिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जॉब कैटेगरी के अनुसार अलग-अलग दिनों पर भर्ती की प्रक्रिया शेड्यूल करने के लिए कहा। साथ ही निर्देश दिए कि उस जॉब के लिए आवेदन किए युवाओं को इसकी जानकारी पहले से मिल जाए। उन्होंने पोर्टल में भी यह शेड्यूल डिसप्ले करने के लिए कहा।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की हुई समीक्षा

कलेक्टर सिन्हा ने केलो विहार में पोल्ट्री फार्म को शिफ्ट कर वहां तैयार होने वाले प्रोजेक्ट के प्रगति की समीक्षा की। ईई हाउसिंग बोर्ड ने बताया कि ले आउट और बिल्डिंग प्लान तैयार हो रहा है। जिसके अप्रूवल के पश्चात आगे का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में 15 दिवस को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने समारोह में मंच, बैठक, मार्च पास्ट, सुरक्षा एवं यातायात तथा अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समारोह का आयोजन किया जाना है।**

## मिला जुला

# भाजपा ने जशपुर विधायक विनय भगत के गृहग्राम घाघरा में दिया धरना

## भ्रष्टाचार,जमीन घोटाला और योजनाओं में गड़बड़ी पर किया हमला

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर आक्रमण तेज कर दिया है। सोमवार को भाजपा ने जशपुर के विधायक विनय भगत के पैतृक गांव घाघरा में धरना प्रदर्शन करके,कांग्रेस को वायदा खिलाफ ी के मुद्दे पर जमकर घेरा। इस धरना प्रदर्शन में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और पूर्व केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साय के साथ रायगढ़ लोकसभा प्रभारी कृष्ण कुमार राय,पूर्व मंत्री गणेश राम भगत,जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह,विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल,जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष रायमुनि भगत भी शामिल थे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विष्णुदेव साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस ने अपने जनघोषणा पत्र में बिजली बिल हाफ, किसानों का कर्जा माफ ,सरकारी कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा करने का वायदा किया था। लेकिन,सत्ता में आते ही इन वायदों को पूरा करने के नाम पर,कांग्रेस ने इतने नियम व शर्ते लाद दिये हैं कि इनका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल हाफ का वायदा करने वाली सरकार,गांव के गरीब लोगों के पास हजारो लाखों रूपए का बिजली बिल भिजवा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के




गरीब लोगों का अधिकार छिनने में सरकार जुटी हुई है। जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में लोगों की जमीने गायब हो रही है। आदिवासी और पहाड़ी कोरवा की जमीनों को कांग्रेस के आदिवासी नेता ही कौड़ियों के मोल में हड़प रहें हैं। जब,सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि ही शोषण करने पर उतारू है तो,गरीब और बेसहारा लोग किस तरह सुरक्षित रहेगें। पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने कहा कि घाघरा बेईमानों का जगह बन गया है। इसलिए भाजपा के कार्यकर्ता,पवित्र करने के लिए आए हैं। बेईमानों का हुक्कापानी बंद कर,शंख के पार करना है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने एक रूपये चावल योजना शुरू कर,प्रदेश से भूख को जड़ से खत्म कर दिया। गांव-गांव में सरकारी राशन दुकान खोल कर,सरकारी अनाज तक पहुंच असान कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बगीचा ब्लाक के गायलुंगा में भूख से पहाड़ी कोरवा पति पत्नी की मौत हो गई थी। लेकिन प्रशासन ने इसे बीमारी से मौत का प्रकरण बना कर रफा कर दिया और जशपुर के विधायक,हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। रायगढ़ लोकसभा प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने कहा कि बीते पांच साल के दौरान जशपुर का विकास तो नहीं हुआ,लेकिन जशपुर के कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों की संपत्ति का विकास जरूर हुआ है। उन्होनें कहा कि विधायक विनय भगत,बीते पांच साल में जशपुर सन्ना सड़क का 10 किलोमीटर की सड़क नहीं बना पाएं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि वे जशपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कितने गंभीर है। जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष रायमुनि भगत ने कहा कि भाजपा के 15 साल के शासन काल में जशपुर ने जिस गति से विकास किया था ,उसे कांग्रेस की 5 साल के कुशासन ने पीछे कर दिया है। पूरे जिले सड़कों की हालत खराब है। गरीब और जरूरतमंद राशन और पेंशन के लिए सरकारी अधिकारियों का चक्कर काट रहें हैं। बिजली बिल हाफ करने का दावा करने वाली इस सरकार के राज में जिले के आदिवासी और पहाड़ी कोरवा,बिजली बिल कम कराने के लिए दौड़ दौड़ कर परेशान हो रहे हैं। धरना प्रदर्शन को जनपद उपाध्यक्ष राजकपूर भगत, गोविंद राम भगत, मनोरा मण्डल अध्यक्ष श्यामलाल भगत, सोनकयारी मण्डल अध्यक्ष मनोज भगत ने भी सम्बोधित किया। धरना कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री देवधन नायक ने किया। इस धरना के बाद भाजपा नेताओं ने घाघरा के बाजार में महासंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा के नेताओं ने केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जिला महामंत्री भरत सिंह, जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, यशप्रताप सिंह जूदेव, डीडीसी शांति भगत, डीडीसी लालदेव भगत, शरद चौरसिया, कृपा भगत, पप्पू ओझा, संतोष सिंह, रामाशंकर गुप्ता, दीपक गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, आकाश गुप्ता, सुषमा सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# केज कल्चर से बढ़ा मछली का उत्पादन, मछुआ समूहों की आमदनी भी बढ़ी

## मुख्यमंत्री की घोषणा पर हुआ अमल, मछुआ समूहों को दिया गया केज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मत्स्य पालन से जुड़े मछुआरों के जीवन में अब परिवर्तन आने लगा है। पारंपरिक तरीकों से मत्स्य पालन करने वाले मछुआरों को आधुनिक पद्धति से मछली पालन करने सामग्री उपलब्ध कराने पर न सिर्फ मछली उत्पादन में वृद्धि हुई है, अपितु उनकी आमदनी में भी इजाफा हुआ है। बांगों सिंचाई जलाशय अंतर्गत डूबान क्षेत्र के विस्थापित मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों को कुछ साल पहले तक मत्स्य पालन में आमदनी के लिए खूब मेहनत करनी पड़ती थी। इसके बावजूद उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब इस क्षेत्र के ग्राम-सतरेंगा, आए तो उन्होंने मत्स्यिकी समूहों की



आवश्यकताओं को समझा और मछुआ समूहों को 1000 नग केज उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के घोषणा उपरांत जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा एवं विभागीय सहयोग से बांगो सिंचाई जलाशय के ग्राम-सतरेंगा में 100 नग, ग्राम-गढ़उपरोड़ा में 100 नग तथा निउमकछार में 800 नग केज स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया तथा बांगो सिंचाई जलाशय के आस-पास के विस्थापित मछुआ सहकारी समिति के 200 सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मत्स्य पालन के व्यवसाय से जोड़ा गया। परिणामस्वरूप मछुआ समूहों की आमदनी पहले की अपेक्षा बहुत बढ़ गई है और वे आत्मनिर्भर की राह में आगे बढ़ रहे हैं। मत्स्य विभाग द्वारा बताया गया कि 200 हितग्राहियों में प्रत्येक हितग्राही को 5-5 नग केज आबंटित है, प्रत्येक केज में 5000 नग, तिलापिया मोनोसेक्स पंगेशियस मत्स्य बीज संचित कर मत्स्य उत्पादन किया जा रहा है तथा प्रत्येक केज से लगभग 2000 कि.ग्रा. मत्स्य उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में प्रत्येक हितग्राही को आबंटित केज से राशि 87,000 की आय प्राप्त हुई। केज कल्चर से हितग्राहियों के आर्थिक स्थिति में क्रमंशः सुधार हो रहा है हितग्राही कृषि के साथ मत्स्य पालन का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर हो रहे हैं एवं उन्हें प्रोटीन युक्त आहार की प्राप्ति हो रही है। उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। प्राप्त आय को हितग्राहियों द्वारा मकान की मरम्मत का कार्य, बच्चों के अध्ययन में तथा दैनिक उपयोग की सामग्री क्रय करने में व्यय किया जा रहा है। योजना से 200 सदस्य एवं 800 पारिवारिक सदस्य लाभान्वित हो रहे हैं।



# कलेक्टर ने ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार के लिए मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने आज दोपहर एक बजे कलेक्टोरेट परिसर से जिले में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार हेतु मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन तैयार किया गया है। वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी जिले के मतदान केन्द्रों सहित हाट बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिद्दीकी के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन





किया जा रहा है। मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट में प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। युवा मतदाता एवं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में ईवीएम जागरूकता के प्रति खासा उत्साह देखा जा रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफ ाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 7 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में कटकर गिरती है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर टेकराम माहेश्वरी, इलेक्शन सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

# खड़गवां एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर के स्थानांतरण बाद गंगाजल से एसडीएम कार्यालय को शुद्ध करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

## नव पदस्थ एसडीएम विजेंद्र सारथी को छत्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र किया भेंट

जोहार छत्तीसगढ़- एमसीबी।





जिले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खड़गवां के पद पर पूर्व में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर के खिलाफ सौरव मिश्रा प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया, मनोज शर्मा अध्यक्ष युवा कांग्रेस मनेंद्रगढ़ विधानसभा, गुरुदेव पांडे उपसरपंच कौड़ीमार और अध्यक्ष कृषि उपज मंडी सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने मोर्चा खोल रखा था। उन पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से उनकी शिकायत की गई थी और कई शिकायतों के बाद उनका स्थानांतरण एमसीबी जिले से सूरजपुर जिले में हो गया है। स्थानांतरण के बाद नये एसडीएम के रूप में विजेंद्र सिंह सारथी ने पदभार संभाला। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता भारी संख्या में गंगाजल लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और गंगाजल से एसडीएम कार्यालय को शुद्ध करने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस वालों ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के हाथों से गंगाजल छीनने की कोशिश की जिसका युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन ने जमकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि गंगाजल पवित्र है इसे हमारे कार्यकर्ता बिना जूता पहने लेकर जा रहे हैं। कोई भी अधिकारी कर्मचारी यदि जूता पहनकर गंगाजल को छुएगा या गंगाजल के लोटे की छीना झपटी करेगा तो इससे गंगाजल का अपमान होगा और कांग्रेस कार्यकर्ता गंगाजल के अपमान को बिल्कुल भी नहीं सहेंगे। इसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता एसडीएम ऑफिस के गेट के बाहर बैठकर भारत माता और छत्तीसगढ़ माता के जयकारे लगाने लगे। उन्होंने कहा है जब तक एसडीएम साहब आकर हम लोगों से छायाचित्र भेंट नहीं लेंगे तब तक हम लोग यहां से नहीं जाने वाले। इसके बाद नव पदस्थ एसडीएम विजेंद्र सिंह सारथी आये और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र भेट लिया और कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उत्तम पांडेय ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ एसडीएम कार्यालय के गेट पर गंगाजल का छिड़काव कर कार्यालय को पवित्र किया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कहा की पूर्व में पदस्थ एसडीएम खड़गवां नयनतारा सिंह तोमर द्वारा अनेक ऐसे कार्य किये गये जिसकी शिकायतें हुई और जांच चल रही है। ऐसे अधिकारी के स्थानांतरण के बाद खडगवा विकासखंड और पूरे जिले के लोगों ने राहत की सांस ली है और काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। युवा कांग्रेस के मनेंद्रगढ़ विधानसभा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि हम सभी साथियों ने नव पदस्थ एसडीएम को छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र भेंट की और उनसे निवेदन भी किया है कि एसडीएम ऑफिस में जितने ग्रामीणों के कार्य लंबित हैं। तत्काल उनका निराकरण किया जाये साथ ही भविष्य में प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले और उनका सभी कार्य समय पर हो। कृषि उपज मंडी के उपाध्यक्ष एवं कौड़ीमार के उपसरपंच गुरुदेव पांडे ने भी बताया कि खड़गवां विकासखंड के सभी लोग ऐसे विवादित अधिकारी के स्थानांतरण हो जाने से खुश है। इसलिए सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर आज कांग्रेस कार्यकर्ता यहां आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं साथ ही नए एसडीएम को छत्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र भेंट कर रहे हैं। छायाचित्र भेट करने के दौरान स्वप्निल सिन्हा प्रदेश महासचिव एनएसयूआई, सुखित अगरिया सरपंच पति खड़गवां, चंदन पांडेय, विशाल मरकाम सरपंच पति शिवपुर, सुमित बैगा, अरुण सिंह, गोलू, दिलीप सिंह, कृपाशंकर, रामबिसल, अमजद खान, धीरज सिंह, भानु सिंह, सजन सिंह, तुलशी यादव, राधिका साहू, ईस्वर सिंह, प्रदीप बंजारे, उत्तम पांडेय, श्रीकांत गढ़वाल, अजय सिंह,ओम प्रकाश, अंशु, भानुप्रताप सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**एक नजर**

## बनखेता प्राथमिक शाला में छत मरम्मत कार्य हो चुका पूर्ण

* कमरे की मरम्मत एवं सिलिंग प्लास्टर का प्रगति पर
* कार्य जल्दी ही पूर्ण कर लिया जाएगा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।





समाचार पत्र 18 जुलाई 2023 में प्रकाशित दो दिन काम कर भाग ठेकेदार, निजी मकान के बरामदे में लग रही क्लास के संबंध में प्राथमिक शाला बनखेता संकुल केन्द्र भेलवा से वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन लेकर बीईओ फरसाबहार ने जानकारी देते हुए बताया उक्त संस्था में आर.ई.एस. विभाग के द्वारा मरम्मत कार्य किया जा रहा है। 4 जुलाई 2023 से कार्य प्रारंभ कर शुरुआती तीन चार दिनों में छत के ऊपर आवश्यकतानुसार ढलाई का कार्य किया गया है एवं सीलिंग का कुछ कार्य किया गया है। इसके पश्चात 8 जुलाई 2023 से कार्य रूका हुआ था। जिसे आज 18 जुलाई 2023 को पुन: कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें कुल 10 लेबर, मिस्त्री, मजदूर लगाए गए है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग फरसाबहार से दूरभाष पर चर्चा करने पर अवगत कराया गया कि छत मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है। सिलिंग का कार्य चल रहा है। कुछ दिनों तक मौसम खराब रहने मजदूरों की उपलब्धता नहीं होने के कारण कार्य रूका हुआ था, जिसे पुन: शुरू कर दिया गया है। आर.ई.एस. विभाग के एसडीओ ने भी जानकारी दिया है कि फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंचायत भेलवा के बनखेता प्राथमिक शाला में छत मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है। कमरे की मरम्मत कार्य प्रगतिरत है। साथ ही सिलिंग प्लास्टर हो रहा है। जल्दी ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## स्वीप अंतर्गत दादर में मतदाताओं को किया गया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।







जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में जिला नोडल स्वीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में मनोज खांडे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से ग्राम दादर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को बताया गया कि लोकतंत्र के निर्माण में एक-एक वोट का महत्व है। मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। लोगों को ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट के संबंध में जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीणजन, स्कूली बच्चें, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्राचार्य अनिल रात्रे, स्वीप कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने अच्छे मतदाता बनने का संकल्प लिया।

## केनाडांड़ गौठान में रोका-छेका शिविर का हुआ आयोजन

शिविर में पशुओं का प्राथमिकता से किया गया उपचार





**कांसाबेल के चौक-चौराहों में घुमंतु मवेशियों को पहनाया गया रेडियम बेल्ट**

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मितल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत निर्मित जिले के गौठानों में छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र एवं किसानों के खेती में उपयोग होने कृषि यंत्रों जैसे नागर, जुड़ा, रापा, हंसिया, कुदारी व धरती माता का पूजा अर्चना कर हरेली तिहार मनाया गया। साथ ही गौ माता की पूजा कर उन्हें चारा खिलाया गया और गौठान परिसर में पौधा रोपण किया। इस दौरान कांसाबेल विकासखण्ड के केनाडांड़ गौठान में रोका-छेका शिविर का आयोजन कर पशुओं का प्राथमिकता से उपचार किया गया साथ ही हरेली पर्व के अवसर पर पशु चिकित्सालय कांसाबेल द्वारा चौक-चौराहों में घुमंतु मवेशियों को रेडियम बेल्ड पहनाया गया। उल्लेखनीय है कि पशुधन विभाग के मैदानी अमला के साथ-साथ विकासखंड के प्रशिक्षित पशुधन मित्र एवं पशु सखियों द्वारा रोका-छेका अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित कर, पशु उपचार, पशुओं को विभिन्न बीमारियों का टीकाकरण, औषधी वितरण, बधियाकरण सहित कृमिनाशक दवा पानी का कार्य जा रहा है। शिविर स्थल में पशुपालकों को पशुधन विकास विभाग से संचालित विभिन्न व्यक्ति मूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पशुपालकों का शिविर से लाभान्वित होने के लिए अपील भी की गई है।

## ग्राफिक डिजाइनिंग और मैनेजमेंट के क्षेत्र में कैरियर बनाने जिला प्रशासन की पहल, युवाओं की बढ़ी रूचि

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवतियों-महिलाओं को रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण कोर्स के माध्यम से बेहतर कैरियर बनाने का अवसर प्रदान किया गया है। इस हेतु लाइवलीहुड कॉलेज में जिला प्रशासन के सहयोग से नवगुरुकुल संस्था द्वारा ग्राफिक डिजाइनिंग और मैनेजमेंट के लिए 18 महीने का नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण कोर्स संचालित किया जा रहा हैं। नवगुरुकुल जशपुर की एकेडमिक एसोसिएट ग्राफिक डिजाइन सुदीक्षा यादव ने बताया कि जिले की युवतियों-महिलाओं को ग्राफिक डिजाइनिंग और मैनेजमेंट के क्षेत्र में बेहतर कैरियर बनाने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राफिक डिजाइनिंग कोर्स के लिए जो छात्राएं आयी हैं उन सभी के लिए यह एक बेहतर मौका हैं। उनके लिए यहां सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई है साथ ही ग्राफिक डिजाइनिंग की जानकारियां दी जा रही हैं।

प्रशिक्षण के लिए आए छात्रों में से अधिकांश 12वीं पास है और कुछ यूजी कर रहे। ऐसे में इन सभी बच्चों को ग्राफिक डिजाइनिंग की सभी पहलू बताई जा रही हैं। इसी तरह मैनेजमेंट की छात्राओं को भी बेहतर मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। नवगुरुकुल में मैनेजमेंट का कोर्स कर रही ग्राम पंचायत आरा की रहने वाली छात्रा प्रतिभा थापा ने बताया कि यहाँ आकर काफी कुछ नया सीखने और जानने को मिल रहा हैं। यहाँ फ्री लैपटॉप भी दिया गया है, जिससे सभी को सीखने और नई चीजों को जानने में आसानी होती हैं। प्रतिदिन नये-नये गतिविधियां की जाती है साथ ही इंग्लिश बोलने, सीखने पर भी विशेष ध्यान दिया जाता हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते मैं अन्य जगह जा कर यह कोर्स नहीं कर पा रही थी। लेकिन नवगुरुकुल द्वारा संचालित नि:शुल्क कोर्स के चलते यह संभव हो पाया हैं। इसी प्रकार कुनकुरी की रहने वाली छात्रा साक्षी सिंह ने बताया कि वे मैनेजमेंट का कोर्स कर रही हैं जो कि पूरी तरह नि:शुल्क हैं। नवगुरुकुल के बारे में उन्हें कॉलेज से पता चला। उन्होंने बताया कि यहां का माहौल बहुत अच्छा हैं और यहाँ हर तरह की सुविधा मुहैया कराया गया हैं। मैं यहाँ आ कर बहुत खुश हूँ, यहाँ बिलकुल घर जैसा ही माहौल है। मुझे इंग्लिश सीखना और बोलना का शौक था जो यहाँ आ कर बेहतर तौर पर सीख पा रही हूँ। यहाँ की सभी टीचर बहुत ही सरल तरीके से सीधा रहें हैं। युवा इन सभी क्षेत्रों में भविष्य बनना चाहता है उनके लिए यह एक बहुत अच्छा मौका हैं।

## कलेक्टर ने जनचौपाल के माध्यम से सुनी लोगों की समस्याएं

* प्राप्त प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनचौपाल में आज जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचें लोगों से कलेक्टर संजीव कुमार झा ने मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवेदकों ने बारी-बारी से कलेक्टर झा के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। जनचौपाल में आज 134 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें आवेदकों द्वारा स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश, आर्थिक सहायता, मुआवजा दिलाने, मजदूरी भुगतान, लंबित राशि का भुगतान, वन अधिकार पट्टा दिलाने, बिजली समस्या संबंधी शिकायतें, शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, नामांतरण, नक्शा दुरूस्तीकरण, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, रोजगार प्रदाय की मांग जैसे अन्य आवेदन शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



**मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ दिलाने वार्ड वार शिविर लगाने के दिए निर्देश**

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के गौठानों में गोबर खरीदी, निर्मित जैविक खाद, टाका भराव, विक्रय हुए खाद की गौठानवार जानकारी लेते हुए सभी गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट की विक्रय शत प्रतिशत करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भर्ती प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने कहा। स्कूल भवन एवं आश्रम छात्रावास को रिपेयरिंग करने कहा और एकल शिक्षक तथा शिक्षक विहीन स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री मितान योजना की जानकारी ली तथा लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वार्ड वार शिविर लगाकर जाति, निवास, आय एवं अन्य समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हो एवं जरूरतमंद लोगों को ब्लड समय पर उपलब्ध हो सके इसके लिए सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को ब्लड बैंक सेंटर जाकर ब्लड डोनेट करने निर्देशित किया। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जिनका नहीं बना है स्कूलों से जानकारी लेकर शत प्रतिशत बनाने अभियान चलाने के निर्देश दिए। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया एवं समय अवधि की जानकारी ली एवं भर्ती प्रक्रिया समय में पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने नए पीडीएस दुकान की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक कार्रवाई कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी लेकर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, शत प्रतिशत खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कृषि विभाग एवं सहकारी नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। जल शक्ति योजना की प्रगति की जानकारी ली तथा मत्स्य विभाग, जल संसाधन विभाग एवं संबंधित विभाग को डबरी, तालाब, कुआं आदि की सूची उपलब्ध कराने कहा जिससे जियो टैग के माध्यम से मैप किया जा सके।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी ने कलेक्टर एमसीबी के नाम पत्र सौंप मूलभूत सुविधाओं का आम जनता को लाभ दिलाये जाने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़- एमसीबी।





पाठकों को बताना चाहेंगे कि एमसीबी जिला के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी यीशै दास ने 18 जुलाई 23 को कलेक्टर मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर के नाम आवक जावक शाखा में एक पत्र प्रेषित करते हुए विभिन्न प्रकार के मुद्दों को लेकर ध्यान आकर्षित कराते हुए जल्द से जल्द आम जनता को राहत दिलाए जाने की मांग की गई है। साथ ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी द्वारा दिए गए पत्र में उल्लेखित किया गया है कि यात्री प्रतीक्षालय, आरओ वाटर सेंटर, सार्वजनिक प्रसाधन एवं 18वीं बटालियन मार्ग को पक्की सड़क निर्माण कार्य कराए जाने का जिक्र किया गया है। तत्पश्चात यह भी उल्लेखनीय किया गया है कि आपके क्षेत्र अंतर्गत मनेंद्रगढ़ में निरंतर इन दिनों जनता जनार्दन को मूलभूत सुविधाओं से सामना करना पड़ रहा है कारण की लगातार आमजन के हितों को मद्देनजर रखते हुए पूर्व में अलग-अलग दिनों दिनांक पर उक्त जनहित के बिंदुओं को लेकर क्रमशः मनेंद्रगढ़ विधायक, एसडीम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ को प्रेषित कर आम जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाए जाने निवेदन किया जा चुका है। उक्त मूलभूत सुविधाएं निम्न प्रकार से है 1. मनेन्द्रगढ़ शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित छ.ग. शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत आने वाला आर ओ वाटर सेंटर जो आज तक बंद हो अपने बदहाली के आंसू बहा रहा और आम जन? तक उक्त योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है वहीं उक्त संबंध में दास द्वारा मिडिया माध्यम जानकारी साझा कर यह भी बताया गया कि पूर्व 17 जनवरी 23 को आर ओ वाटर सेंटर संचालित किए जाने कलेक्ट्रेट कार्यालय से अनुमोदन कर निर्देशित भी किया जा चुका है। 2 मनेन्द्रगढ़ मौहारपारा गोपाल शीत ग्रह तिराहा के समीप यात्री प्रतीक्षालय की मांग भी लंबित पड़ी हुई है। खासकर दूर-दराज से आने वाले राहगीर अपने गंतव्य सफर तय करने हेतु वाहनों के इंतजार में उन्हें सड़क पर ही खड़ा रहना पड़ता है जिससे उन्हें हर मौसम में काफी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है यात्री प्रतीक्षालय बन जाने से आम जनता सहित कोयलांचल क्षेत्र से आने .जाने वाले राहगीरों को काफी हद तक राहत मिल सकेगा।

मनेन्द्रगढ़ मौहारपारा गोपाल शीत ग्रह तिराहा से लेकर फाटक तक एक भी सार्वजनिक प्रसाधन केंद्र नहीं है उक्त वजह से इसका सीधा असर सड़क से निकलने वाले महिलाओं, बच्चों, स्कूली छात्र-छात्राओं पर पड़ता है कारण की सार्वजनिक प्रसाधन नहीं होने की वजह से मजबूर बस असामाजिक तत्वों द्वारा खुले सड़क पर ही आजारकता फैलाया जाता है जिससे सड़कों पर निकलने वाले राहगीर काफी हद तक प्रभावित भी होते हैं ।4.18वीं बटालियन मार्ग को पक्की सड़क निर्माण कार्य कराए जाने हेतु आपके कार्यालय में दिनांक 2 जनवरी 2023 को एक आवेदन पत्र प्रेषित कर निवेदन किया गया था उक्त संबंध पर तत्काल आपके कार्यालय द्वारा उक्त विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अनुमोदन कर 17 जनवरी 23 को अवगत करा संबंधित विभाग कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग मनेन्द्रगढ़ अनुविभागीय अधिकारी रा. मनेन्द्रगढ़ मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनेंद्रगढ़ जिला एमसीबी छ.ग को पृ.क्रमांक219/वरि.ल/2023 जारी करते हुए नियमानुसार कार्यवाही किए जाने अवगत करा दिया गया है वही सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार शासन द्वारा बटालियन मार्ग की सड़क को निर्माण कार्य कराए जाने हेतु राशि 4 करोड़ 64 लाख 40 हजार रुपए की स्वीकृत भी कर दिया गया है। बावजूद इसके आज तक उक्त बटालियन मार्ग को पक्की सड़क निर्माण कार्य कराए जाने हेतु कोई पहल नहीं किया जा रहा जबकि उक्त सड़क इन दिनों बरसात की वजह से कीचड़, गंदगी में तब्दील हो चुकी है जहां से बटालियन जवानों का अक्सर आवागमन बना रहता है। कलेक्टर से मांग की गई है कि उक्त समस्त जनहित के विषयों को मद्देनजर रखते हुए जल्द से जल्द निराकरण करा लाभ दिलाया जाये।

# जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त 325 आवेदन में से 201 आवेदन का तत्काल निराकरण

विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डो किसानों को मिनी किट रागी का वितरण







जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा मंगलवार को खड़गवां विकासखंड के कटकोना में आयोजित जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर पहुँचे। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह और जनपद अध्यक्ष सोनमती उर्रे भी उपस्थित थे। कलेक्टर दुग्गा ने सर्वप्रथम कटकोना गौठान का निरीक्षण किया। गौठान में उन्होंने स्व सहायता समूह के द्वारा चलाये जा रहे वर्मी कंपोस्ट निर्माण, मिनी राइस मिल, दाल मिल और मुर्गी पालन इकाई को देखा। उन्होंने समूह की दीदियों से गौठान से होने वाली आमदनी के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर गोठान में जनप्रतिनिधियों के साथ वृक्षारोपण भी किया गया। इसके पश्चात वे जनसमस्या निवारण शिविर पहुंचे। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल में जाकर विभागों से आवेदन पत्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीण बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने सीधे अपना आवेदन कलेक्टर दुग्गा को दिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं के लिए तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर दुग्गा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कटकोना को एफआर, आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत वनाधिकार पत्र वितरित किया जायेगा। सभी अभिभावक अपने बच्चों के शिक्षा पर ध्यान दें और अनिवार्य रूप से स्कूल भेजें। सभी लोग मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं और आयुष्मान कार्ड बनवायें। आप सभी जमीन राजस्व संबंधी विवाद अपने घर अपने पंचायत में ही सुलझाइये। जिला प्रशासन शासन की सभी योजनाओं को आपके द्वार तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नोनी सुरक्षा योजना के 10 हितग्राहियों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह 51 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 10 पण्डो किसानों को रागी मिनी किट, 6 हितग्राहियों का श्रम कार्ड पंजीयन, 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड शिविर के माध्यम से वितरित किया गया। शिविर में कुल 325 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से लगभग 201 आवेदन पत्रों का त्वरित निराकरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष भूनेश्वर साहू, एसडीएम विजेंद्र सारथी, जनपद सदस्य लाल सिंह, कटकोना सरपंच भुनेश्वरी, खड़गवां सरपंच,सुखित लाल, जरौंधा सरपंच, प्रदीप राय, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, खेल अधिकारी, गोपाल सिंह, जनपद सीईओ,सीएस शर्मा तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### साइबर सेल की टीम ने एनसीसी कैडेट्स को साइबर क्राईम की जानकारी देकर किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़ ।






18 जुलाई 2023 को साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा एवं प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी के नेतृत्व में साइबर सेल की टीम के आईटी कॉलेज जाकर 28 बटालियन के एनसीसी कैडेट्स में साइबर अवेयरनेस लाने उन्हें वर्तमान में हो रहे साइबर क्राइम से अपडेट कर बचने के तरीके बताया गया। सायबर पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा ने एनसीसी कैडेट्स को सोशल मीडिया पर साइबर फ्रॉड के सक्रिय होने की जानकारी देकर सोशल मीडिया अकाउंट में प्राइवेसी रखने और किसी भी तरह से अपने निजी फोटो, वीडियो अनजान व्यक्ति को शेयर करने से सचेत किये। कैडेट्स को बताया गया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो, विडियो पोस्ट करना चाइल्ड पोर्नोग्राफी के तहत अपराध है इससे बचें। साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा एनसीसी कैडेट्स को बैंकिग फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन जैसे अपराधों पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराने और पुलिस सहायता लेने बताया गया।

### हिंदू एवं मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित शांति समिति की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आने वाले दिनों में मुस्लिम समुदाय के रोजा तकरीर धार्मिक प्रवचन एवं हिंदू समुदाय द्वारा सावन पर्व में अखंड ओम नमः शिवाय कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी प्रशासन को प्राप्त हुई है। दोनों की कार्यक्रम में किसी प्रकार का व्यवधान ना हो इसे सुनिश्चित करने आज पुलिस कंट्रोल रूम में दोनों की समुदायों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ प्रशासननिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक में दोनों ही समुदाय के व्यक्तियों से कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने को लेकर चर्चा किया गया। दोनों ही पक्षों ने अपने-अपने कार्यक्रमों में डीजे हाई साउंड में उपयोग नहीं करने का प्रस्ताव रखे और आपसी सहमति जताये। मुस्लिम समाज की ओर से बताया गया कि शहर के इंदिरा नगर, चांदनी चौक, चांदमारी, बीडपारा, मौदहापारा में प्रतिवर्ष रोजा तकरीर रात्रि 9 से 11 तक होता है। वहीं हिन्दु समाज प्रमुखों ने अखंड ओम नमः शिवाय कार्यक्रम की रूपरेखा बताकर प्रशासन और पुलिस का पूरा सहयोग करना बताये। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा मोहर्रम पर्व के ताजिया अखाड़े को लेकर जल्द ही एक और बैठक लेना बताया गया और प्रशासन व पुलिस की तैयारियों के संबंध में जानकारी दिया गया है ।

### लाखों रुपए का चेक हुआ बाउंस, जुर्म दर्ज

**रायपुर** । एमजी रोड दादाबाड़ी परिसर स्थित ओसवाल नवेल्टी से 6 लाख 92 हजार 50 रुपए का सामान खरीदकर चेक से भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें चेक बाउंस होने पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गुलाबचंद जैन 69 वर्ष देवेन्द्र नगर रायपुर का रहने वाला है। प्रार्थी दादाबाड़ी परिसर में ओसवाल नवेल्टी नाम से इलेक्ट्रॉनिक शॉप चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी शुभम आडवानी ने प्रार्थी के दुकान से 70 नग एलइडी टीवी, 4 नग होम थिएटर, 3 नग रिमोट खरीदा था, जिसकी कीमत 6 लाख 92 हजार 50 रुपए आरोपी ने चेक के माध्यम से किया था।

# मांगे पूरी न होने पर एस.टी.एस.सी. वर्ग के युवाओं का भूपेश सरकार के खिलाफ नग्न प्रदर्शन-ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



प्रदेश में एसटीएससी वर्ग के युवाओं का भूपेश सरकार के खिलाफ नग्न प्रदर्शन की घटना का विडियो शोसल मंच में वायरल करते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा एसटीएससी वर्ग के युवाओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के सामने नग्न अवस्था में प्रर्दशन किया है। ओपी ने कहा युवाओं का आरोप है। कि सरकार फर्जी प्रमाण पत्र मामलों में दोषियों का सरंक्षण कर रही। प्रदेश के युवाओं द्वारा सरकार के खिलाफ किए गए नग्न प्रदर्शन की घटना को ओपी चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा दोषियों पर कार्यवाही नहीं करना दुःखद है।

# कलेक्टर ने लिया आगामी विधानसभा निर्वाचन तैयारी के संबंध में नोडल ऑफिसरों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन तैयारी के संबंध निर्वाचन नोडल अफ-सरों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारु रुप से संपादन हेतु निर्वाचन संबंधी कार्य को सर्व प्रथम प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने मैन पावर मैनेजमेंट, ट्रेनिंग मैनेजमेंट, मैटेरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, कंप्यूटराइजेशन साइबर सिक्योरिटी एंड आईटी, स्वीट प्लान, कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम मैनेजमेंट, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, बैलट पेपर, पोस्टल बैलट, एमसी एमसी, पैड न्यूज, कम्युनिकेशन प्लान जैसे विषयों पर समीक्षा की तथा निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का अध्ययन कर तैयारी करने के निर्देश दिए। जिले के मतदान केन्द्रों के एएमएफ की अद्यतन जानकारी, विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों की जांच, क्रिटीकल मतदान केन्द्रों व वनरेब्ल मैपिंग की जानकारी, मतदाता सूची की सुपर चेकिंग, टीआईपी की जानकारी, वेबकास्टिंग हेतु मतदान केन्द्रों की जानकारी, बी.एल.ओ. प्लान की जानकारी अविलंब अपडेट करने तथा जानकारी तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय जशपुर को समय-सीमा में कार्य पूर्ण कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार उपस्थित थे।

# सोनाजोरी में जमीन विवाद में महिला की हत्या

आरोपित भतीजे ने वृद्ध चाची की अपने दो साथियों के साथ मारपीट कर की हत्याए तीनों आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



17 जुलाई 2023 के शाम लैलूंगा पुलिस को ग्राम सोनाजोरी में महिला की उसके भतीजे द्वारा मारपीट कर हत्या की सूचना मिला। तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक रमाशंकर तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराते हुए अपने स्टाफ के साथ ग्राम सोनाजोरी पहुंचे। जहां मृतिका सोमो कुजुर 55 साल के पति बंधे राम कुजूर ने बताया कि 7-8 वर्ष से अपनी पत्नी सोमो बाई, लड़का सुखनाथ के साथ पूंजीपथरा में मजदूरी का काम कर गांव आकर खेती किसानी का कार्य करते हैं। उनके भतीजे अलबीस कुजुर के साथ पूर्व से जमीन विवाद चला आ रहा है। 3 दिन पहले पत्नी सोमो बाई खेती किसानी का काम करने पूंजीपथरा से गांव सोनाजोरी गई थी। सुबह सूचना मिला की पत्नी बीमार है, तब लड़का सुखनाथ के साथ बंधे राम पूंजीपथरा से सोनाजोरी अपने घर गया। कमरे के अंदर सोमो बाई चित हालात में मृत पड़ी थी। गांव के लोगों से जानकारी मिली कि सोमो बाई को भतीजा अलबीस कुजुर मारपीट कर रहा था। तब अलबीस कुजुर पर जमीन और पारिवारिक विवाद के रंजिश के कारण हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराया। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा अलबीस कुजूर निवासी सोनाजोरी पर धारा 302, 449 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान घटना को लेकर गवाहों द्वारा महिला सोमो बाई से उसके भतीजे अलबीस कुजूर और उसके दो दोस्त गांव के सुशील बड़ा और सूरज अगरिया द्वारा सोमो बाई से हाथ मुक्का से मारपीट करने की बात बताये।

लैलूंगा पुलिस जब दोनों संदेहियों को तलब की तो दोनों घर से फरार मिले। दोनों को गांव के बाहर घेराबंदी कर पकड़ा गया दोनों अपने सामान बांधकर उड़ीसा भागने की फिराक में थे। विवेचना में तीनों आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से घटना कार्य कारित करना पाये जाने से मामले में धारा 120 बी आईपीसी जोड़ते हुए तीनों आरोपी अलबीस कुजूर पिता सोमरा कुजूर उम्र 36 वर्ष, सुशील बड़ा पिता बंधु बडा 28 साल सूरज अगरिया पिता भरत अगरिया उम्र 21 साल साकिनान बरडीही बडापारा सोनाजोरी थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

# ग्राम औरदा व बड़े हरदी में दशगात्र एवं द्वादशकर्म में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



पुसौर क्षेत्र के ग्राम औरदा निवासी प्रेमराम साव के पुत्र भाजपा कार्यकर्ता बंशीधर साव की धर्मपत्नी डिलेश्वरी साव का स्वर्गवास 9 जुलाई को हो गई थी एवं ग्राम बड़े हरदी निवासी शुक्लाम्बर पंडा के भतीजा बाबू लाल पंडा का आकस्मिक स्वर्गवास 7 जुलाई को हो गया था जिनका दशगात्र एवं द्वादशकर्म कार्यक्रम में रायगढ़ पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ग्राम औरदा पहुंच कर दिवंगत डिलेश्वरी साव एवं ग्राम बड़े हरदी में दिवंगत बाबू लाल पंडा के छायाचित्र में श्रीफल एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये। शोकाकुल परिजन गजेन्द्र साव, प्रेमराम साव, बंशीधर साव, अर्जून साव, जितेन्द्र साव एवं गंगाधर पंडा, डमरूधर पंडा, विद्याधर पंडा से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने इस दुख की घंडी में ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत को परम शांति और मोक्ष की प्राप्ति हो ऐसी कामना की। ग्राम औरदा में आयोजित दशगात्र एवं ग्राम बड़े हरदी में द्वादशकर्म कार्यक्रम पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के साथ मोहित सतपथी उपाध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर, मुक्तेश्वर पंडा, सुधांशू साहू, परमेश्वर साहू, प्रशांत पंडा, उपेन्द्र सारथी, विजय गुप्ता, श्रवण सारथी, अरविन्द साव, सुरेन्द्र निषाद, घनश्याम सारथी आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।



# मुआवजा राशि की समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ पूर्व मंत्री नोवल वर्मा कलेक्टर से मिले

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



टुण्ड्री मार्ग के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य में ग्राम सराईपाली चेचंग में अर्जित भूमियों का मुआवजा राशि प्रदान नहीं किया गया है वहीं जिन्हें मुआवजा मिला उनके बैंक खातों को होल्ड कर दिया गया है। जिसके संबंध में ग्रामीण पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा के नेतृत्व में सक्ती कलेक्टर से मिले व अपनी समस्याओं को बताया। ज्ञात हो कि ग्राम सराईपाली, चेचंग, में सराईपाली टुण्ड्री मार्ग की उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य एडीबी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें किसानों की भूमियों का विधिवत अधिग्रहण पश्चात रजिस्ट्री पंजीयन भी तहसीलदार डभरा के नाम पर कराया गया है। जिसका मुआवजा राशि ग्राम सराईपाली चेचंग के लक्ष्मीनारायण पिता किरीतराम, नरेश पिता अमर सिंह, तुलमती पति पारसमणी,रामप्यारी पति रामेश्वर, सरोजनी पति ललित, मोहनलाल पिता दह्लू साधराम पिता रतन सिंह, करिया उर्फ जयलाल पिता नारायण एवं ग्राम ओड़केरा के दुलेश्वर पिता मेहरराम को मुआवजा राशि चेक के माध्यम से प्रदान किया गया है। उक्त मुआवजा राशि को आवेदकगण अपने-अपने बैंक खाते में जमा कर दिये थे। वहीं चेक जमा होने के उपरांत ग्रामीण किसान उक्त राशि में से अपने उपयोग अनुसार कुछ पैसों को खर्च कर लिए। अचानक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डभरा ने आवेदकगण से सूचना, अनुमति, सहमति लिये बिना किसानों के खातों में जमा राशि को वापस करा लिया गया है। वहीं चेक की राशि का अधिकांश हिस्सा किसानों ने जरूरत के हिसाब से खर्च कर लिए हैं। अब तहसील कार्यालय डभरा से लगातार नोटिश के माध्यम से दबाव आ रहा है कि खर्च की गई राशि तत्काल जमा करें, वही लगभग 40 किसानों को तो अब तक एक रुपया भी नहीं मिला है। अनुविभागीय अधिकारी ने आवेदकगण को 06 जुलाई 2023 को हल्का पटवारी को मौखिक रूप से बुलाने बोला गया। जिसके बाद आवेदकगण पटवारी के बुलाने पर अनुविभागीय अधिकारी डभरा के न्यायालय में उपस्थित हुये जहां अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कहा गया कि टुण्ड्री. सक्ती मार्ग की पूर्व में मुआवजा राशि को प्राप्त कर चुके हो जिस पर आवेदकगणों द्वारा पूर्व में कोई भी मुआवजा नहीं मिलने की बात कही।

ग्रामीण किसानों के साथ बात करने के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी डभरा ने तहसीलदार डभरा को राजस्व मांग के संबंध में आवेदकगण को नोटिस 09 जुलाई 2023 को जारी किया गया है। जिसकी नियत पेशी तारीख 13 जुलाई 2023 थी। उक्त नोटिस पर अधिग्रहण का रकम दिया गया है। उसकी वसूली रकम लिखा गया है तथा एसडीएम डभरा ने आवेदकगण के बैंक खातों से बचत राशि वसूली कर लिया गया। उसके बावजूद उतनी ही रकम वसूली करने हेतु नोटिस जारी किया गया जो अवैधानिक एवं विधि विरुद्ध की बात कहते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर सक्ती के समक्ष पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा के नेतृत्व में मांग की है कि जल्द ही पूरे प्रकरण का निराकरण करने के पश्चात ही आगे की कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों की बात सुनने के पश्चात कलेक्टर सक्ती नूपुर राशि पन्ना द्वारा 20 दिवस के अंदर ही मामले की जांच की बात कही, वहीं ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया कि जांच होने तक किसी को परेसानी नहीं होगी, और जांच उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुरूप अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर सक्ती की बातों से ग्रामीण किसान भी संतुष्ट दिखे और उक्त प्रकरण के संबंध में जब भी बुलाया जाएगा तो आने की बात कही गई।

## वीकेंड पर सत्यप्रेम की कथा की कमाई में उछाल, बाकी फिल्मों को भी लाभ



सिनेमाघरों में इन दिनों कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म की कमाई में आए दिन उतार-चढ़ाव आ रहे हैं, लेकिन यह बाकी फिल्मों से बढ़त बनाए हुए है। हालांकि, हॉलीवुड फिल्म इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके अलावा 72 हूरें और नीयत का हाल-बेहाल है। आइए जानते हैं वीकेंड पर किस फिल्म ने कितनी कमाई की। समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी सत्यप्रेम की कथा ने शुरुआती 3 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी तो उसके बाद से इसका प्रदर्शन थोड़ा फीका पड़ता जा रहा है।



## डेजी शाह ने खतरों के खिलाड़ी 13 के साथ किया छोटे पर्दे का रुख

रोहित शेट्टी अपने रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 13वें सीजन के साथ टीवी पर वापसी कर चुके हैं। बीते दिन से शुरू हुए इस शो में बॉलीवुड अभिनेत्री डेजी शाह भी नजर आ रही हैं। बीते काफी समय से अभिनेत्री के छोटे पर्दे पर डेब्यू करने की खबरें आ रही थीं और अब डेजी ने इस बारे में खुलकर बात की है। अभिनेत्री ने बताया कि क्यों उन्होंने करियर के इस मोड़ पर टीवी पर आने का फैसला किया।

डेजी ने बताया कि अपने करियर के इस पड़ाव पर एक रियलिटी शो का हिस्सा बनकर वह क्या महसूस करती हैं और यह उनके लिए कैसे कारगर साबित होगा। डेजी ने कहा, मुझे लगता है कि यह बस लोगों की धारणा है। मुझे नहीं लगता कि आज के समय में अभिनेताओं को इन चीजों के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है, सब कुछ बराबर है, चाहे वह टीवी हो, फिल्म हो या फिर ओटीटी। डेजी ने खतरों के खिलाड़ी 13 का हिस्सा बनने पर कहा, मैं हमेशा से ही इस शो को अनुभव के लिए करना चाहती थी। मैं एक साहसी महिला हूं और मुझे ऐसी चीजें करना पसंद है। उन्होंने कहा, मेरे पास अभी समय था क्योंकि मेरा एक प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन में है और जिस प्रोजेक्ट की शूटिंग मुझे करनी है, वह नवंबर से पहले फ्लोर पर नहीं जाएगा। ऐसे में जब मुझे शो ऑफर हुआ तो मुझे लगा कि क्यों नहीं। शो में डेजी के अलावा रोहित रॉय, ऐश्वर्या शर्मा, शिव ठाकरे, शीजान खान, रूही चतुर्वेदी, अंजुम फकीह, अर्जित तनेजा, अर्चना गौतम, नायरा बनर्जी, अंजलि आनंद सहित 13 कंटेस्टेंट हिस्सा ले रहे हैं। पहले ही दिन हुए टास्क में डेजी ने रोहित को हराकर जीत हासिल की और सुरक्षित हो गईं। ज्ञात हो कि शो के कुछ एपिसोड में पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके कंटेस्टेंट हिना खान, दिव्यांका त्रिपाठी और मिस्टर फैजू भी नजर आएंगे।

## स्टाइलिश आउटफिट में साउथ एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने दिखाईं कातिलाना अदाएं

### फैंस की बढ़ी सांसों को रफ्तार

साउथ एक्ट्रेस राय लक्ष्मी अपने किलर अंदाज और बोल्डनेस से फैंस के दिलों पर कहर बरपाए रहती हैं। फिल्मों के साथ ही एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं।

फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। वहीं, एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने ब्लैक कलर के आउटफिट के साथ अपने कई स्टाइलिश तस्वीरें अपने सोशल अकाउंट पर शेयर की हैं। 34 साल की एक्ट्रेस राय लक्ष्मी की तस्वीरों के लिए फैंस उतावले रहते हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। कर्ली हेयर स्टाइल, ब्लैक शूज और जैकेट के साथ एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रखी हैं। राय लक्ष्मी बोल्ड बिकिनी फोटोज से फैंस को घायल करती हैं। राय लक्ष्मी की दिलकश अदाएं फैंस का मन मोह ले जाती हैं। अदाकारा राय लक्ष्मी साउथ सिनेमा की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस की लिस्ट में आती हैं। एक्ट्रेस राय लक्ष्मी की इन तस्वीरों को देखकर फैंस यही कह रहे हैं कि कंचना स्टार राई लक्ष्मी की हर अदा कातिलाना है। अदाकारा राय लक्ष्मी ने अपने करियर की शुरुआत की टॉलीवुड फिल्म करका कस्द्र से की। राय लक्ष्मी का नाम पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के साथ भी जुड़ चुका है।



## पंकज त्रिपाठी ने पूरी की अपनी अपकमिंग फिल्म मैं अटल हूं की शूटिंग, शेयर की पोस्ट!




फिल्म 'ओह माई गोड' में काम करने के बाद फैंस के लिए पंकज त्रिपाठी ने एक और ट्रीट दी है. आपको बता दें पंकज अक्षय कुमार की फिल्म के अलावा फिल्म अटल में भी काम कर रहे हैं. एक्टर ने फिल्म में अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाई है. एक्टर ने हाल ही में फिल्म की शूटिंग खत्म की है. एक्टर ने फिल्म की शूटिंग लखनऊ में भी की है. जहां वह उत्तर प्रदेश के सीएम से आदित्यनाथ योगी से भी मुलाकात की. दोनों ने फिल्म को लेकर डिटेल में बात भी की.शूटिंग पूरी करने के बाद एक्टर ने अपना फिल्म से जुड़े एक्सपीरियंस के बारे में बात की. एक वीडियो शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा कि एक्टर के लिए ऑल टाइम ग्रेट पॉलिटिशियन का किरदार निभाना उनके लिए बेहद मुश्किल था .हालांकि फिल्म में अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाना उनके लिए सम्मान की बात है.एक्टर आगे कहते हैं कि अटल जी के बोलने का लहज़ा, उनकी लाइफ स्टाइल को समझने के लिए एक्टर को बहुत कड़ी मेहनत करना पड़ा. पंकज ने कहा कि' मैं अटल हूं' की शूटिंग के दौरान वह बेहद एक्साइटेड थे, लेकिन फिल्म के दौरान चुनौतियां भी कम नहीं थीं.जानकारी के लिए बता दें 'मैं अटल हूं' की शूटिंग खत्म 15 जुलाई को मुंबई में फिल्म का आखिरी शेड्यूल को पूरा कर लिया गया है।

## नाना पाटेकर ने दी सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर गदर 2 के लिए अपनी आवाज

2001 की फिल्म गदर: एक प्रेम कथा के बाद सनी देओल और अमीषा पटेल गदर 2 में तारा सिंह और सकीना के रूप में लौट आए हैं। फिल्म अगस्त में रिलीज होने वाली है। अब, यह पता चला है कि अनुभवी अभिनेता नाना पाटेकर ने फिल्म के लिए वॉयसओवर किया है। मूल रूप से, पहली किस्त में, ओम पुरी ने प्रारंभिक दृश्यों के लिए वॉयस ओवर किया था। अब फिल्म में नाना पाटेकर का वॉयस ओवर फिल्म की शुरुआत में ही सुनाई देगा। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित गदर 2 संकेत देता है कि कहानी वहीं से शुरू होती है जहां कहानी गदर: एक प्रेम कथा में समाप्त हुई थी। पहली किस्त तारा सिंह और सकीना की प्रेम कहानी पर आधारित थी, जिसने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी और अब भी जारी है।




## प्रभास और दीपिका पादुकोण की प्रोजेक्ट के का नाम बदलकर हुआ कालचक्र?



नाग अश्विन की प्रोजेक्ट के पिछले काफी समय से किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में कमल हासन फिल्म का हिस्सा बने थे तो कहा जा रहा था कि यह भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्म साबित होगी। इसके साथ ही काफी समय से फिल्म के नाम में होने वाले बदलाव को लेकर भी खबरें आ रही थीं। अब कहा जा रहा है कि इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का नाम बदलकर कालचक्र रख दिया है।

सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार, प्रोजेक्ट के का नाम अब कालचक्र हो गया है। अब फिल्म का नाम इसके विषय के अनुरूप एकदम सही है और इसका पौराणिक संबंध भी है। कालचक्र का मतलब समय के पहिए से होता है। इसे सृजन और विनाश के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। सरल शब्दों में कहे तो समय बिताना और भगवान कृष्ण की मदद से कार्य करना भी इसे कहा जा सकता है।

सूत्र के मुताबिक, फिल्म का नाम कुरुक्षेत्र रखे जाने की भी चर्चा है। फिल्म के बारे में मिली जानकारी बताती है कि इसकी कहानी की उत्पत्ति महाभारत से हुई है। ऐसे में कालचक्र निश्चित रूप से उन शीर्षकों में सबसे ऊपर है, जिसे मेकर्स ने बदलने के लिए चुना है। हालांक, नाम बदले जाने से जुड़ी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। 20 जुलाई को ऐलान होने के बाद ही पता चलेगा कि इसका नाम क्या रखा गया है।

# खेल




कोलंबो। इंडिया-ए ने एमर्जिंग एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। टीम ने नेपाल को 9 विकेट से हराया। यह टीम इंडिया-ए की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के बाद भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। भारतीय टीम का अगला मुकाबला 19 जुलाई को कोलंबो में पाकिस्तान के साथ होगा। इंडिया-ए की जीत में साई सुदर्शन और अभिषेक शर्मा ने अहम योगदान दिया। दोनों ने फिफ्टी जमाई।

## इंडिया-ए एमर्जिंग एशिया कप के सेमीफाइनल में

### नेपाल की टीम को 9 विकेट से हराया, साई सुदर्शन और अभिषेक के अर्धशतक

लंबो में सोमवार को नेपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम 39.2 ओवर में 167 रन पर ऑलआउट हो गई। 168 रनों का टारगेट भारतीय टीम ने 22.1 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।

### भारतीय ओपनर्स ने जमाए अर्धशतक

168 रनों का टारगेट चेज करने उतरे ओपनर्स ने भारतीय टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। साई सुदर्शन और अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जमाए। सुदर्शन ने 58 और अभिषेक ने 87 रनों का योगदान दिया। दोनों के बीच 114 बॉल पर 139 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई।

अभिषेक के आउट होने के बाद खेलने उतरे ध्रुव जुरेल ने 21 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। नेपाल को इकलौता विकेट रोहित पौदेल ने दिलाया।




शतकीय साझेदारी

रन 139 | बॉल 114

### रोहित पौदिल का अर्धशतक

नेपाली के कप्तान रोहित पौदेल ने अर्धशतकीय पारी खेली। वे 65 रन बनाकर आउट हुए। गुलसान ने 38 रन बनाए। 7 बैटर डबल डिजिट में भी नहीं पहुंच सके।

### संधू को 4, हेंगरगेकर को 3 विकेट

भारत की ओर से निशांत सिंधू को 4 विकेट और राजवर्धन हेंगरगेकर को 3 सफलताएं मिलीं। हर्षित राणा को 2 और मानव सुथार को एक विकेट मिला।

### एक नजर

## वेंकटेश प्रसाद ने धोनी के गैराज का वीडियो शेयर किया

### बाइक्स और कार कलेक्शन देख कर बोले- यह शोरूम हो सकता है



BSA Goldstar
कीमत: 6.87 लाख | पावर : 652cc

महेंद्र सिंह धोनी के गैराज का एक वीडियो सामने आया है। इसमें उनका बाइक और कार का कलेक्शन देखा जा सकता है। इसे पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने ट्वीट किया है। दरअसल, वेंकटेश प्रसाद और सुनील जोशी इन दिनों रांची में हैं। उन्होंने लिखा मैंने एक व्यक्ति में जबर्दस्त जूनून देखा है। क्या कलेक्शन और क्या आदमी है धोनी। यह उनके रांची वाले घर में बाइक्स और कार के कलेक्शन की एक झलक है। इस शख्स और इसके जुनून से मैं अभिभूत हूं।

वीडियो में वेंकटेश से पूछा जाता है कि रांची आकर कैसा लग रहा है, तो वे कहते हैं- अमेजिंग। क्या यहां आप पहली बार आए हैं, तो उन्होंने बताया कि चौथी बार रांची आया हूं। वेंकटेश ने कहा कि वह वाकई जूनुनी है। जब तक किसी को ऐसा जूनन नहीं है, तब तक आप इतनी सारी बाइक नहीं रख सकते।

### धोनी को बाइक्स और कार का बेहद शौक

धोनी को बाइक्स और कार का बेहद शौक है। धोनी ने अपने रांची फार्महाउस में बाइक्स के लिए दो मंजिला गैराज बना रखा है। रिपोर्ट्स की मानें तो उनके पास 100 से ज्यादा बाइक्स का कलेक्शन है। धोनी के पास हार्ले-डेविडसन फैट बॉय, डुकाटी 1098, कॉन्फेडरेट X132 हेलकैट, कावासाकी निंजा-14R, बीएसए गोल्डस्टार और हायाबुसा जैसी बाइक्स हैं। धोनी को रांची में इस बाइक के साथ कई बार देखा गया है।

## वेस्टइंडीज में रोहित-द्रविड़ से मिलेंगे आगरकर वनडे वर्ल्ड कप के लिए तैयार करेंगे रोड मैप



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सीनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष अजित आगरकर वेस्टइंडीज में टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा से मुलाकात करेंगे। टीम इंडिया फिलहाल वेस्टइंडीज दौरे पर है। टीम वहां पर टेस्ट, वनडे और टी-20 सीरीज खेलने के लिए गई है। टीम 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत कर रहा है। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू होगा। वर्ल्ड कप शुरू होने में सिर्फ 2 महीने बचे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, चयन समिति के अध्यक्ष अजित आगरकर वर्ल्ड कप की योजनाओं के संबंध में वेस्टइंडीज का दौरा करने वाले हैं। BCCI सूत्र ने बताया, आगरकर वेस्टइंडीज दौरे पर द्रविड़ और कप्तान रोहित के साथ वर्ल्ड कप पर चर्चा करेंगे।

### वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम से जुड़ जाएंगे अगरकर

BCCI के एक सूत्र ने PTI को बताया, फिलहाल चयन कमेटी के मेंबर सलिल अंकोला वेस्टइंडीज में हैं, लेकिन टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद वह वापस आ जाएंगे। वहीं आगरकर वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। चयन समिति के अध्यक्ष बनने के बाद आगरकर ने अभी तक टीम मैनेजमेंट से मुलाकात नहीं की है। उनका वेस्टइंडीज दौरा टीम इंडिया की वर्ल्ड कप में रणनीति पर चर्चा करने का यह पहला मौका होगा।

## 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स पर संशय

### बजट बढ़ने की वजह से विक्टोरिया राज्य ने मेजबानी करने से किया इनकार

**मेलबर्न।** 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। विक्टोरिया सरकार ने बजट बढ़ने की वजह से इसकी मेजबानी से इनकार कर दिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने विक्टोरिया को 2026 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पिछले साल अप्रैल में सौंपी थी। 16 खेलों का आयोजन मेलबर्न, जीलॉन्ग, बेंडिगो, बेलार्ट और जिप्सलैंड में होना है।

विक्टोरिया सरकार ने कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन को मंगलवार को जानकारी दी है कि इसके आयोजन का बजट दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। इसकी वजह से वह 2026 में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन करने में सक्षम नहीं है।



कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन के फ्लैग की यह तस्वीर 15 मार्च, 2006 (उद्घाटन समारोह) की है। जब मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) इसकी मेजबानी किया था। कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन के फ्लैग की यह तस्वीर 15 मार्च, 2006 (उद्घाटन समारोह) की है। जब मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) इसकी मेजबानी किया था। विक्टोरिया प्रीमियर डेनियल एंड्रयूज ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमें पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने 2026 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए संपर्क किया था और हमें इसकी मेजबानी सौंपी थी।

### ओलिंपिक मेडलिस्ट चानू की मोदी-शाह से गुहार

## मणिपुर की प्रजा को बचा लो, ट्रेनिंग बंद है, छात्र भी परेशान



**वाशिंगटन।** टोक्यो ओलिंपिक में देश को पहला मेडल दिलाने वाली वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मणिपुर में शांति बहाल करने की अपील की है। उन्होंने सोमवार रात एक वीडियो पोस्ट किया और मणिपुर में जारी हिंसा पर चिंता जाहिर की है। एक मिनट 10 सेकंड के वीडियो में चानू ने मणिपुर की वर्तमान स्थिति बताई और PM मोदी और गृहमंत्री शाह से कहा- मणिपुर की प्रजा को बचा लो।

29 साल की वेटलिफ्टर मीराबाई चानू USA में हैं और वहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप और अगस्त-सितंबर में होने जा रहे एशियन गेम्स-2022 की तैयारी कर रही हैं।

# हम लोग घर का मरम्मत कराते तो पानी नहीं टपकता, आपके सरकारी काम में ही पानी क्यों टपकने लगता

**कलेक्टर संजीव झा ने स्कूल भवन के मरम्मत को लेकर जताई कड़ी नाराजगी**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

हम लोग घर का मरम्मत कराते हैं तो बारिश में पानी नहीं टपकता, लेकिन जब आप लोग सरकारी काम कराते हैं तो सरकारी भवन में पानी क्यों टपकने लगता है? सरकारी काम हैं। शासन का पैसा लगा है। कोई फ्री का पैसा नहीं है। कई स्कूलों में पानी टपकने की शिकायत मिल रही है। जब मरम्मत कराया गया है तो फिर से पानी क्यों टपक रहा है ? यह लापरवाही नहीं चलेगी। स्कूल के विद्यार्थियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। जहाँ भी समस्या हैं शीघ्रता से ठीक कराएं, अन्यथा कार्यवाही होगी। यह कहते हुए कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज समय सीमा की बैठक में विभागीय कामकाजों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग द्वारा स्कूल जतन सहित जर्जर भवन के किए जा रहे मरम्मत कार्य को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कुछ स्कूल भवन का मरम्मत किए जाने के पश्चात भी पानी रिसने, टपकने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए हिदायत दी है कि जल्दी ही इसे ठीक किया जाए। कलेक्टर ने आरईएस के अधिकारी सहित जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए कलेक्टर झा ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्र सहित हैंडओवर लायक केंद्रों की सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने जिले में स्कूली विद्यार्थियों के बनाये जा रहे जाति प्रमाणपत्र, वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में पौधारोपण के लिए सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों



**जर्जर स्कूल भवन के शीघ्र मरम्मत के दिए निर्देश**

को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप पौधे लगाने पर्यावरण अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने प्रयास, आश्रम-छात्रावास सहित अन्य कार्यालयों के परिसर में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने जिले में खाद-बीज के उठाव, खेती किसानी कार्य की प्रगति, गौठानो में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए वर्तमान में लगे टेंडर की प्रक्रिया को फाइनल करते हुए वर्क ऑर्डर जारी करने और कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी और बेहतर तरीके से रखरखाव के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने, हसदेव बैराज से जलकुंभी हटाने के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग अंतर्गत भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण के निर्देश जल संसाधन के ईई को दिए। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया।

### जन चौपाल के आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से करें निराकरण

कलेक्टर झा ने समय सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री पोर्टल, मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर जन चौपाल एवं उच्च न्यायालय अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे प्रकरणों पर उचित कार्यवाही कर सम्बंधित को सूचित अवश्य करें।

### सड़क पर न दिखे आवारा मवेशी

***कलेक्टर ने नगरीय निकाय अंतर्गत सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि वे आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाए। मवेशी के मालिक को बुलाकर उन्हें समझाइश दें और आवश्यकता अनुसार जुर्माना वसूले। कलेक्टर ने रोका छेका के अंतर्गत कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा प्रेमलता यादव, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय, सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।***

## एक नजर

### जनहानि मामले में प्रभावित परिजन को 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम बागबहार, निवासी मृतिका गादो बाई का कुआं में डूबने से 11 अक्टूबर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र दिनदयाल हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### पशुपालकों से अपने पशुओं को सड़कों पर खुला न छोड़ने की गई अपली

**नगर पालिका द्वारा आवारा तथा सड़क में घूम रहे पशुओं को कांजी हाऊस में रखा जा रहा**

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

नगरपालिका परिषद् जशपुर के द्वारा समस्त पशुपालकों से अपने पशुओं को सड़कों पर खुला न छोड़ने की अपील की गई है। नगरपालिका अधिकारी ने कहा कि पशुओं के सड़क पर खुला घुमने से यातायात प्रभावित एवं दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसके कारण नगरपालिका परिषद जशपुरनगर द्वारा आवारा तथा सड़क में घूम रहे पशुओं को कांजी हाऊस में रखा जा रहा है। साथ ही पकड़े गये पशु के पशुपालकों से जुर्माना वसूली एवं नियमानुसार पशु निलामी की कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए पशुपालक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### खाद्य शाखा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन 27 जुलाई तक आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर कार्यालय के खाद्य शाखा में तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड-3, चतुर्थ श्रेणी चौकीदार एवं भृत्य के रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती द्वारा किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र 27 जुलाई 2023 तक जिले के बेवसाईट में मेनू नोटिस के सबमेनू भर्ती जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु लिंक 27 जुलाई तक उपलब्ध रहेगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट या कलेक्टर कार्यालय के खाद्य शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुप्ता ने दी इंसानियत का परिचय

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



बलरामपुर जिले के राजपुर में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन में कुसमी मंडल के युवा मोर्चा के टीम राजपुर के लिए रवाना हुई थी। उसी बीच रेहड़ा, कोदवा पुल में 3 युवक जो स्कूटी में सवार तेज रफ्तार से आ रहे थे। स्कूटी अनियंत्रित होकर पुलिया में गिरी गयी थी। और वह तीनों घायल अवस्था में तड़प रहे थे। जिसे तत्काल एंबुलेंस सेवा बुलवाकर शंकरगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए उचित उपचार के लिए भेजा गया। जहां घायल हुए लोगों का उपचार जारी है।

### मेकाहारा परिसर से बाइक पार

**रायपुर** । मेकाहारा अस्पताल परिसर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अवधराम यादव 36 वर्ष ग्राम बरौंदा राजिम का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी होण्डा ड्रीम योगा बाइक क्रमांक सीजी 04 केटी 7017 से मेकाहारा अस्पताल आया था। जहां परिसर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## हायर सेकंडरी स्कूल भैसमा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान की उपयोगिता के संबंध में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड कोरबा के हायर सेकंडरी स्कूल भैसमा में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 17 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला स्वीप सहायक नोडल अनिल रात्रे ने कार्यक्रम को




संबोधित करते हुए कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान की नितांत आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान में हिस्सा लेकर मजबूत लोकतंत्र स्थापित करने में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। रात्रे ने कहा कि आपका मत बहूमूल्य है। देश में लोकतंत्र के निर्माण में युवा वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु मतदाता की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, जिससे युवा वर्ग चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। युवाओं के मत देने से ही राष्ट्र में लोकतंत्र मजबूत बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को निष्पक्ष मतदाता बनने के लिए उनका जागरूक होना आवश्यक है। चुनाव में किसी बहकावे, भय एवं प्रलोभन में आकर मतदान बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इस हेतु सभी युवा अपने मत की उपयोगिता को समझते हुए मतदान करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदान की विभिन्न प्रारूप, मतदान करने की सही उम्र एवं योग्यता एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में युवा वर्ग की सहभागिता के संबंध में विस्तार से समझाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित नजर आए। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना की। रात्रे ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए बच्चों, पालकों, संकुल समन्वयकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवारा पशुओं को गौठानों में रखकर देखभाल करें गौठान समितियां-डॉ आशुतोष

**जिला पंचायत कोरिया से रोका छेका अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में चराई बंदी लागू करने के निर्देश जारी**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

मानसून के सक्रियता के साथ ही पूरे क्षेत्र में धान और अन्य फसलों की खेती प्रारंभ हो चुकी है। ऐसे में आवश्यक है कि खेती की सुरक्षा के लिए सभी ग्राम पंचायतों में चराई बंदी लागू की जाए। इस संबंध मे सभी ग्राम पंचायतों में आवश्यक मुनादी और रोकाछेका करने के लिए जिला पंचायत कार्यालय से विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। रोका छेका अभियान के तहत सभी पालतू पशुओं के घरों में बांधकर रखने के साथ ही ग्राम पंचायतों में घूम कर खेती का नुकसान करने वाले आवारा पशुओं को गौठानों में रखकर देखभाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में चराई बंदी लागू करने के संबंध में निर्देष जारी किए गए हैं। साथ ही सभी जनपद पंचायतों के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को विषेष तौर पर निर्देषित किया गया है कि मुख्य मार्गों से लगी सभी ग्राम पंचायतों में यह पूरी कड़ाई के साथ लागू किया जाए ताकि किसी भी सड़क पर आवारा पषु ना रहें और किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। रोका छेका अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ डॉ आषुतोष ने बताया कि जिला पंचायत कोरिया के अंतर्गत आने वाले जिला कोरिया एवं



जिला एमसीबी की सभी जनपद पंचायतों में रोका छेका अभियान लगातार जारी है। इसके तहत ग्राम गौठानों में पषुओं के देखभाल और बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी टीकाकरण आदि लगातार कराया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर सभी पषुपालकों को अपने पालतू पषु बांधकर रखने के निर्देष प्रसारित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि सबसे ज्यादा जरूरी है कि प्रत्येक गांव में चराई बंदी लागू की जाए और इसका सभी पूरी कड़ाई से पालन करें इससे दोहरा लाभ होगा।

एक ओर खेती की बढ़ती लागत में चराई हो जाने से संभावित फसलों का नुकसान पूरी तरह से बचेगा और दूसरी ओर मुख्य मार्गों पर पषुओं के ना होने से आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर भी नियंत्रण हो सकेगा। सीइओ ने आगे कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सुराजी ग्राम योजना के तहत ग्राम गौठान बनाए गए है और इनमें चारे और पानी के साथ षेड भी उपलब्ध है। इसका नियंत्रण ग्राम पंचायत के अंतर्गत बनी हुई स्थानीय जनों की एक ग्राम गौठान समिति के पास है। यह समितियां अपने स्तर पर आवारा पशुओं का नियंत्रण करें और इसमें ग्राम पंचायत आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। चराई बंदी के इस दोहरे लाभ के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोका छेका अभियान के तहत पूरी तरह से आवारा पशुओं को नियंत्रित करना होगा जिससे गांव में किसान पूरी निश्चिंतता के साथ अपनी फसलें लें सकें। जिला पंचायत सीइओ ने निर्देशों की अवहेलना करने वाले ग्राम पंचायतों और ग्राम गौठान समितियों को चिन्हित कर लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन भेजने के निर्देश भी सभी जनपदों को जारी कर दिए हैं।



# बीजेपी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, मुख्य वक्ता के शामिल हुई रायगढ़ सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधानसभा चुनाव नजदीक है विपक्ष में भारतीय जनता पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में आंदोलन कर रही है। पिछले 15 साल के उपलब्धियां तथा केन्द्र सरकार कि बीते 9 वर्षों की उपलब्धियां गिनाने लगातार जन जन तक पहुंच रही है। रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा में स्थित नहरपाली के जेएसडब्ल्यू श्री स्टील प्लांट के सामने भाजपा ने




प्रदूषण और बेरोजगारों को नौकरी दिए जाने के संबंध में एक दिवसीय आंदोलन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्लांटों के चलते चारों तरफ धूल डस्ट का वातावरण है। जिससे वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है जिससे आम आदमी का जीना दूभर हो चुका है साथ ही साथ क्षेत्र के युवाओं के विषय में सांसद ने उद्योगों को चेतावनी देते हुए कहा की स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दी जायेए जिससे क्षेत्र में विकास का सभी वर्गों को लाभ मिले। कार्यक्रम में रायगढ़ जिला सह प्रभारी विकास महतो सहित तमाम भाजपा के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता और बहुतायत संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# कलेक्टर लगेंह की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न

**जिन गोठानों में 30 प्रतिशत से कम कनवर्जन हैं ऐसे गोठानों को चिन्हांकित कर कनवर्जन रेश्यो बढ़ाये-कलेक्टर**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में हुई घोषणाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए गोधन न्याय योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने जिन गोठानो में 30 प्रतिशत से कम कनवर्जन है। ऐसे गोठानों को चिन्हांकित कर कनवर्जन रेश्यो बढ़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश। बैठक में कलेक्टर ने गौठान में गोबर खरीदी की समीक्षा करते हुए सभी गौठानों में अधिक से अधिक गोबर खरीदी सुनिष्चित करने को कहा। उन्होंने उद्यानकी व वन विभाग द्वारा विभाग द्वारा जिले में हो रहे वृक्षारोपण की प्रगति की




**जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा**

जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी गौठानों, स्कूलों, छात्रावास, आंगनवाड़ी केन्द्र तथा रीपा में फलदार व छायादार पेड़ लगाने संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन, बेरोजगारी भत्ता, मुख्यमंत्री मितान योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, स्वामी आत्मानंद में शिक्षकों की भर्ती की समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की चुनाव प्रक्रिया हेतु उपलब्ध सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए चिन्हांकित भवनों में पेयजल, शौचालय व विद्युत व्यवस्था करने के निर्देष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व मुख्य नगर पालिका के कर्मचारी को दिए साथ ही मतदान केंद्रों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्रों में अनिमियतता के षिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को लोक सेवा केन्द्रों का नियमित जांच करने तथा लापरवाही पाए जाने पर आवष्यक कार्यवाही करने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी आवष्यक व्यवस्था के साथ उचित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करन के निर्देष दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से प्राकृतिक आपदा जैसे सर्पदंश के स्थिति में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम की उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के जिर्णोद्धार कार्यो के प्रगति की जानकारी ली और जितने भी कार्य पूर्ण हो गए है। उन्हे पोर्टल में अपडेट करने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों से शासकीय भवनों तथा स्कूलों में गोबर पेन्ट का उपयोग करने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य में खरीफ फसल बुआई कार्य के पूर्व खुले में चराई कर रहे पशुओं को रोका-छेका अभियान चलाकर ग्रामीणजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार, सोनहत एसडीएम अनिल सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर जनदर्शन में मिले 41 आवेदन

**समय सीमा की बैठक के उपरांत आयोजित जनदर्शन में 41 लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये।**

**कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को आवेदनों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रुप से राजस्व मामलों, बिजली सम्बन्धी समस्या, मनरेगा तथा अन्य मामलों से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए।**

# अल्ट्राटेक सयंत्र में बड़ी हादसा,श्रमिक सुरक्षा से हमेशा हो रहा उपेक्षित

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




बलौदाबाजार के हिरमा अल्ट्राटक सामट प्लांट में मंगलवार शाम को सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में तीन मजदूर की मौत हो गई। दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। सभी जख्मी मजदूरों को रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में रेफर किया गया है। ब्लास्ट की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जांच में जिला प्रशासन और सीमेंट प्लांट के अधिकारी जुट गए हैं। इस हादसे में मरने वाले सभी मजदूरों के शवों को भी रायपुर भेजा गया है। प्लांट सूत्रों के मुताबिक इस ब्लास्ट में मरने वाले मजदूरों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

## ऐसे हुआ हादसा

मंगलवार दोपहर तीन बजे यह हादसा हुआ। प्लांट में उस समय कई मजदूर मौजूद थे। सिलेंडर फटने से पांच मजदूर इसकी चपेट में आ गए। जिसमें तीन मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई। दो मजदूर घायल हुए हैं। मरने वाले सभी मजदूर आस पास के इलाकों के रहने वाले हैं। सीमेंट प्लांट के लाइन टू में कार्यरत मजदूर यहां लोकल ठेकेदार के साथ मेकेनिकल कार्य कर रहे थे। तभी अचानक से सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। यह ब्लास्ट की घटना कैसे हुई। इसको जांच कर थोड़े समय बाद बताया जाएगा। जितेंद्र तनवर, अधिकारीए अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र हिरमी हमेशा कंपनीयों द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 को दरकिनार किया गया है।

## सुरक्षा संबंधी प्रावधान

सभी प्रकार की मशीनों के खतरनाक हिस्से को सही ढंग से ढका जाना चाहिये और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी मशीनों का उचित रखरखाव होना चाहिये। किसी भी व्यक्ति को किसी भी मशीन पर कार्य करने की अनुमति तब तक नहीं दी जानी चाहिये। जब तक उसे मशीन के संदर्भ में सभी जानकारियां सही ढंग से उपलब्ध न करा दी जाएं। कारखाने में किसी भी व्यक्ति को इतना बोझ उठाने के लिये विवश नहीं किया जाएगा। जिससे उसे क्षति पहुंचने की संभावना हो। यदि कारखाने में कोई ऐसा कार्य हो रहा है जिससे श्रमिकों की आंखों को कोई खतरा है तो यह अनिवार्य है कि नियोक्ता इससे बचाव हेतु उचित उपकरणों जैसे-गॉगल की व्यवस्था करे। किसी व्यक्ति को कारखाने के ऐसे स्थानों, जहां रासायनिकों गैसों के प्रभाव में आने का खतरा है, पर तब तक जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि उसे बचाव हेतु उचित उपकरण न दिये जाएं। सभी कारखानों पर इस प्रकार की व्यवस्था की जानी चाहिये कि आग लगने जैसी किसी भी आपातकाल की स्थिति में सभी श्रमिक आसानी से बच सकें। उल्लेखनीय है कि यह अधिनियम नियोक्ताओं को श्रमिकों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड रखने के लिये भी बाध्य करता है और इसमें कारखानों के निरीक्षण के लिये एक मुख्य कारखाना निरीक्षक की नियुक्ति का भी प्रावधान है। परंतु इस अधिनयम के अप्रभावी कार्यान्वयन के कारण अब तक यह अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में विफल रहा है। देश में मुख्य कारखाना निरीक्षकों की संख्या बहुत ही कम है और जो हैं भी उसके पास संसाधनों की कमी है। ऐसे कई सारे अनुबंध है जिसको सरकारों द्वारा बनाया जाता है किन्तु कंपनीयों द्वारा इस प्रावधानों को चव्वनी के भाव समझ कर छोड़ दिया जाता है जिसका खामयाजा मजदूर वर्ग अपनी जान देकर पूरा करता है।

## नियोक्ताओं के कर्तव्य

इस संहिता में नियोक्ताओं के निम्नलिखित कर्तव्य निर्दिष्ट किये गए हैं। कर्मचारियों को ऐसे कार्यस्थल प्रदान करना जो सभी जोखिमों से मुक्त हों। कर्मचारियों को निरू शुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना। यदि कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है या उसे गंभीर शारीरिक चोट लग जाती है तो नियोक्ता को संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित करना चाहिये।

## कर्मचारियों के अधिकार और कर्तव्य

संहिता में कर्मचारियों के निम्नलिखित अधिकार और कर्तव्य दिये गए हैं। अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल रखना। निर्दिष्ट सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों का पालन करना निरीक्षक को असुरक्षित स्थितियों की रिपोर्ट करना।

# हरेली तिहार पर नवागढ़ समिति में किया गया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नवागढ़ छत्तीसगढ़ की पहिली किसान तिहार हरेली तिहार के अवसर पर सेवा सहकारी समिति मर्याण्नवागढ़ में समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष अशोक कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य एवं प्रभारी समिति प्रबंधक दिलहरण सोनकर के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण के अवसर पर समिति के अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ की प्रथम त्यौहार हरेली के पावन पर्व पर हम सब वृक्षारोपण कर छत्तीसगढ़ को हरा भरा रखने के लिए संकल्प लें धान खरीदी स्थल पर वृक्षारोपण पर समिति कर्मचारी मनोज पुरबिया के द्वारा वृक्षारोपण हेतु जालीतार की व्यवस्था किये हैं उनके लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्रभारी प्रबंधक दिलहरण सोनकर ने वृक्षारोपण अवसर पर पौधों को संरक्षित करने के लिए कर्मचारी को निर्देश दिए पवित्र शमी वृक्ष,बरगद,पीपल,आम नीम सहित अन्य वृक्ष रोपित किये वृक्षारोपण के अवसर पर समिति कर्मचारी मनोज पुरबिया,सीताराम,सूरज,भीम,साथ ही कृषक जन मंत्री साहू,सोनू,मिथलेश,अंगद,जलेश्वर,हरिश्चंद्र दिनेश,अजीत आनंद सहित उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने खुले में चराई कर रहे पशुओं पर नियंत्रण और खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए जनपद एवं नगरीय क्षेत्रों में रोका-छेका अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रोका-छेका अभियान के अंतर्गत गौठान में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने, बारिश के मौसम को देखते हुए पशुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत नोडल अधिकारियों को गौठान एवं हाई, हायर सकेण्डरी स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रोका-छेका अभियान के लिए गांवों में मुनादी कराने तथा गौठानों में पशुओं के लिए चारा-पानी के व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को जिले में संचालित सभी छात्रावासों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं शत-प्रतिशत खातों के आधार सीडिंग करने के निर्देश सहायक आयुक्त को दिए। कलेक्टर ने शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने, स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने एवं अनुपस्थित शिक्षकों के वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कक्षा में अध्यापन के कार्य रूचिपूर्ण बनाकर पढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में अण्डा, केला वितरण की पंचायतवार समीक्षा की एवं अण्डा का क्रय बैकयार्ड पोल्ट्री से ही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता हेतु शिक्षित बेरोजगारों द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदनों एवं दस्तावेजों के सत्यापन कार्य और स्वीकृत बेरोजगारों के आंकड़ों की समीक्षा कर प्राप्त दस्तावेजों के सत्यापन शीघ्र करने कहा। उन्होंने जिला स्तरीय प्लेसमेंट कैम्प लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद व बीज के भंडारण व उठाव पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण रखें और किसानों को खाद-बीज उठाव में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड के कार्य में प्रगति लाने अभियान चलाकर व्हीएलई को पंचायतों में डोर टू डोर सर्वे करवाने कहा।

## एक नजर

### जिला कार्यालय में स्थापित मतदान जागरूकता कक्ष का निरीक्षण पहुंचे-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने जिला कार्यालय में स्थापित मतदान जागरूकता कक्ष का निरीक्षण किया। संयुक्त जिला कार्यालय में ईवीएम एवं व्हीव्ही पैट मशीन के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला कार्यालय के जागरूकता कक्ष में लोगों को जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदान कर्ता को ईवीएम व व्हीव्ही पैट मशीन को बहुत सावधानी से उपयोग करना चाहिए। अधिकारी ने लोगों को सबसे पहले यह बात बतायी कि हमें बैलेट यूनिट के हरी बटन पर ध्यान देना है। जब तक हरी बटन नहीं जलेगी। आप वोटिंग नहीं कर सकते है। आपके मन में यह बात रहती है। कि हम जिस प्रत्याशी को वोट देते है। उसी के नाम की पर्ची व्हीव्ही पैट में गिरती है। इसी बात को समझाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सबसे पहले जब आज वोटिंग करने जाते है। तो अपना परिचय पत्र एवं वोटर पर्ची लेकर जाना है। जब आप बैलेट यूनिट के पास जाते है। तो सबसे पहले आपको हरी बटन पर ध्यान देना है। यह बटन जल रही या नहीं। कभी-कभी आप क्या करते हैं, कि जल्दी-जल्दी में आते हैं और बटन को दबा कर चले जाते हैं। आपको लगता है कि आप ने वोटिंग कर दिया पर ऐसा होता नहीं है। सबसे पहले इस बात पर ध्यान देना है कि बैलेट यूनिट की हरी बटन जली हुई होना चाहिए। बैलेट यूनिट की हरी बटन जली हो तो समझना कि बैलेट यूनिट वोटिंग के तैयार है। अब आप प्रत्याशी का नाम देख लीजिए। उसका प्रतीक चिन्ह देख लीजिए। उसी के सामने नील रंग में अंगूठे के निशान जैसा बटन बना है। उसे दबा दीजिए। जैसे ही आप बटन दबाऐंगे, तीर के निशान जैसा लाल बटन जलेगा। जैसे ही लाल तीर के निषान वाली बटन जलेगी आप व्हीव्ही पैट में देख सकते है कि आपने जिस प्रत्याशी को आपने वोटिंग किया है। उसी के नाम की निषान की पर्ची कटी मिलेगी। सात सेकंड बाद वह पर्ची गिर जाएगी। एक बीप की आवाज आएगी और लाल बटन बंद हो जाऐगी। इसका मतलब आपका मतदान हो गया है।

जागरूकता अभियान के माध्यम से सुनील कुमार पाण्डेय तथा राजू लोचन मिश्रा के द्वारा आज 89 लोगों को जागरूक किया गया।

### कलेक्टर ने सब्जी दुकान एवं सेलून दुकान पहुंच कोरोना के गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने दी समझाईश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बिश्रामपुर के बस स्टैंड स्थित सब्जी दुकान, सेलून दुकान एवं सड़कों में बिना मास्क पहने घूमने फिरने वालों कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क लगाने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने दुकानदारों को कड़ाई से पालन कराने समझाईश दी। इस दौरान पदस्थ प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, संयुक्त कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रबेस सिसोदिया, सीएमएचओ डॉ. आर एस सिंह, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विश्वनाथ रेड्डी, मुख्य कार्यपालन अभियंता विद्युत मंगेशकर, डॉ प्रशांत सिंह, तहसीलदार अमृता सिंह, माधुरी अचला, जयनगर थाना प्रभारी सुभाष कुजूर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होने बस स्टैण्ड में आने.जाने वालो का निरंतर कोविड टेस्ट कराने के निर्देश दिए तथा बलरामपुर से आये सिरील मिंज का एंटीजेन कोविड टेस्ट कराया जो कि नेगेटिव आया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कोरोना के गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराने के लिए, नगर पंचायत अधिकारी, तहसीलदार एवं पुलिस अमला को निर्देशित किया है।

### होटल संचालक से मारपीट

**रायपुर** । टीचर कालोनी भवना नगर कोटा में चार युवकों ने होटल संचालक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आदित्य राजपूत 21 वर्ष साईनाथ चौक गुढियारी का रहने वाला है। प्रार्थी टीचर कालोनी भवानी नगर कोटा में होटल चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी बीसू यादव, पवन, निशांत व अन्य प्रार्थी के होटल में आया और नास्ता किया। जब प्रार्थी ने बिल दिया तो आरोपियो ने ज्यादा बिल दे रहे हो कहते हुए प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

# स्कूली बच्चों को उपहार एवं मिष्ठान देकर कोरिया एवं एमसीबी के सदस्यों ने मनाया भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ 24 वां स्थापना दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद, प्रदेश महासचिव सत्येंद्र सोनी, के मार्गदर्शन में कोरिया जिलाध्यक्ष सावन कुमार एमसीबी जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में भारतीय राष्ट्रीय महासंघ के 24 वे स्थापना दिवस के अवसर पर चिरमिरी हल्दीबाड़ी स्थित सड़क दफ ाई प्राथमिक शाला सड़क दफ ाई स्कूल में सामाजिक कार्य करते हुए स्कूली बच्चों को उपहार एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

एवं बच्चों जिस्से बच्चे बहुत आनन्दित हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई और बच्चों को अपने तरफ से अच्छे से पढ़ाई करने की लिए प्रोत्साहन किया गया भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ निरंतर इस प्रकार से जनहित के कार्य करते आ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद ने कहा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और बच्चे निरंतर ऐसे ही पढ़ाई करते रहे जिसके लिए हम अपनी तरफ से इस प्रकार से आयोजन निरंतर करते रहते हैं ताकि बच्चों को प्रोत्साहन मिले और वह आगे बढ़े। कार्यक्रम में उपस्थित रहे उग्रसेन पाल,, महेंद्र सिंह, सुरेश सारथी, कविराज विश्वकर्मा, बाला राव, करन सोनी, कृपाचार्य दुबे, ईब्बेतशाम देशमुख, जॉय गांगुली,मुस्ताक कुरैशी, अन्य सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

20 वाहन चालकों पर की कार्यवाही

# माईनर एक्ट के तहत 26 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशल्या साहू, डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में थानाध्चौंकी प्रभारियों के द्वारा बेमेतरा जिले में लगातार यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत 17 जुलाई 2022 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत थाना बेमेतरा 14 चालान में 14 व्यक्ति, एवं 06 चालान में 06 व्यक्ति में कुल 20 चालान में 20 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया।

जिसमें बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना कागजात, तीव्र गति व लापरवाही पुर्वक वाहन चलाने एवं यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 20 प्रकरण में कुल 6800 रूपये समन शुल्क लिया गया। तथा इसी क्रम में 17 जुलाई 2022 को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 08 प्रकरण में 08 व्यक्ति, थाना नवागढ 03 प्रकरण में 03 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 05 प्रकरण मे 06 व्यक्ति, थाना बेरला 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी देवकर 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी कंडरका 02 प्रकरण में 02 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 110, 107,116 ;3, 151 जाफौ.के तहत कुल 25 प्रकरण में 26 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।



# बोड़सरा धाम में पुस्तकों का विमोचन एवं कवि-सम्मेलन सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला बिलासपुर के जनपद पंचायत बिल्हा अन्तर्गत सन्त शिरोमणि राजा गुरु बालकदास की कर्मभूमि बोड़सरा धाम में 16 जुलाई 2023 को भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डॉ.किशन टण्डन क्रान्ति की उपस्थिति में कुटेला धाम के पूर्व सरपंच मालिकराम घृतलहरे की अध्यक्षता एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक लखन लाल शांडिल्य के विशिष्ट आतिथ्य में बोड़सरा बाड़ा के मुख्य द्वार के समीप निर्मित विशाल भवन में असीम हर्षोल्लास के बीच यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस गरिमामय कार्यक्रम में गुरु वन्दना के साथ जैतखाम एवं गुरु बालक दास के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं श्रीफल तोड़कर पूजा-अर्चना की गई। पश्चात उपस्थित कलमकारों का स्वागत पुष्पाहार एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया। ततपश्चात सभी लोग अपने-अपने स्थान में खड़े होकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का स-सम्मान वाचन किए। कार्यक्रम के संचालक गायक-कवि जुगेश बंजारे धीरज के साथ-साथ उपस्थितों ने प्रस्तावना का वाचन किए। पश्चात छत्तीसगढ़ कलमकार मंच की तृतीय आमसभा की बैठक डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि सतनाम धामों की यात्रा, गुरुजी से आशीष प्राप्ति और यहां की पावन माटी हमें शक्ति प्रदान करती है। यह एक अनूठा आयोजन है, क्योंकि मेजबान और मेहमान दोनों हम ही होते हैं। सभी जगह के ग्रामवासी, पुजारी इत्यादि सभी लोग कहते हैं कि ऐसा आयोजन पहली बार हुआ है। उन सब कलमकारों का नाम प्रकाशित कराया जाएगा। ततपश्चात वार्षिक अधिवेशन के गरिमामयी आयोजन तथा मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड से राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान प्राप्त होने पर करतल ध्वनि के साथ हर्ष व्यक्त किया गया। कलमकार मंच की आय बढ़ाने, जिलों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर मंच की जिला इकाई का गठन, मंच की सदस्यता बढ़ाने, साझा संकलनों का नियमित प्रकाशन एवं सम्मानपत्र प्रदाय करने तथा महत्वपूर्ण आयोजनों में सबके द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान करने इत्यादि पर बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुटेला सरपंच मालिकराम घृतलहरे ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम प्रशंसनीय है। ऐसा नियमित होते रहना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि लखन लाल शांडिल्य ने कहा-कवि सम्मेलन और पुस्तक विमोचन के लिए हमारे ग्राम बोड़सरा का चयन करना हम सभी ग्रामवासियों के लिए गर्व का विषय है। इस हेतु हम छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के आभारी हैं। आगंतुकों को सत्गुरू का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त होगा। यही हमारी शुभकामना है।

## सामान्य सभा की बैठक पश्चात साहित्य वाचस्पति

डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति की 3 पुस्तकों का विमोचन करतल ध्वनि के बीच वरिष्ठ साहित्यकारों, राजमहन्तों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इन पुस्तकों में अहसास, राष्ट्रीय साझा काव्य.संग्रह, वक्त की रेत काव्य-संग्रह एवं सच का टुकड़ा काव्य.संग्रह शामिल हैं। इसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सामूहिक रूप से मैजिक बुक से प्राप्त प्राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान को अध्यक्ष डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को बैज एवं मैडल पहनाकर ट्रॉफ ी एवं सम्मानपत्र सौंपे गए। बताया गया कि राष्ट्रीय साझा काव्य संग्रह अहसास में छत्तीसगढ़ के अलावा ओड़िसा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित संयुक्त राज्य अमेरिका के साहित्यकार शामिल थे। संकलन में शामिल 46 साहित्यकारों को छत्तीसगढ़ कलमकार मंच द्वारा कलमकार साहित्य सम्मान-2023 प्रदान किए गए। इस दौरान कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ। इसमें रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा, बलौदाबाजार, मुंगेली इत्यादि जिलों के दर्जन भर जाने माने कवियों एवं साहित्यकारों ने शिरकत की और अपनी मनभावन कविताओं से समा बांधा। इनमें कवि अनिल जांगड़े, जुगेश बंजारे धीरज, मणिशंकर दिवाकर गदगद, गंगाशरण पासी, नवीन कुमार कुर्रे,देव मानिकपुरी, सुरजीत क्रान्ति, इत्यादि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सर्वत्र सराहना मिली। ग्रामवासी बच्चे, बूढ़े, जवान एवं नारी शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिए। उपस्थित समस्त साहित्यकारों एवं नागरिकों को डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति द्वारा रचित पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन गायक.कवि जुगेश कुमार बंजारे धीरज ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेन्द्र भारद्वाज, टेकराम निराला, कमलकांत डहरिया, किशन कोशले, बाल कुमार टण्डन, मीना सोनवानी, कौशिल्या बंजारे, लखन शांडिल्य एवं ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी मंच के मीडिया प्रभारी एवं हास्य कवि मणिशंकर दिवाकर गदगद ने दी है

# भाजपा ने किया विशाल धरना प्रदर्शन

## आशा साह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा प्रवेश किया

जोहार छत्तीसगढ़- सक्ती।

**भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन नगरपालिका के सामने किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता कोरवा पूर्व महापौर जोगेश लांबा एवं जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला विधानसभा प्रभारी विकास केडिया, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू,के द्वारा भूपेश सरकार के खिलाफ बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं मनमाना बिजली बिल,एवं कटौती और खाद, बीज की कमी को देखते हुए कहा सक्ती जिला बनने के बाबजूद यहां की स्वास्थ सेवाएं बद से बेहतर है।**







जब मातृशक्ति डिलेवरी के लिए हॉस्पिटल पहुंचती है तो उनसे कहा जाता है यहां पर दवाइयों एवं डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण आप दूसरे हॉस्पिटल ले जाइए यहां पर डिलीवरी नहीं हो सकती एवं रात के समय हॉस्पिटल में डॉक्टर नहीं मिलती है। यह सक्ती नवीन जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं की लचर व्यवस्था के खिलाफ बोले भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा ने कहा ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है। जहां के विधायक ने ऐसा कोई काम नहीं किया है जिससे जनता खुश हो सिर्फ एक काम किया है वह है। सट्टा को बढ़ावा देना कुछ लोग उनके छत्र-छाया में फल-फूल रहे हैं। यदि वह चाहते तो सक्ती में सट्टा बंद हो जाता। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला ने कहा ऐसे विधायक को बदलना है। उन्होंने ऐसा एक भी काम किया हो बह बता दे जो उन्होंने अच्छा किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित। पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू,गगन जयपुरिया। टिकेश्वर गवेल, राम अवतार अग्रवाल, रमेश सिघानियां, राम नरेश सिंह यादव,अनूप अग्रवाल,प्रेम पटेल, संतोष राठौर, प्रभात सिंह,घनश्याम साहू,भवन भास्कर यादव,अमन डालमिया, अभिषेक शर्मा, कमलेश जांगडे, कष्ण कुमार गबेल, उमा राजेंद्र राठौर, अन्नपूर्णा राठौर,आशा साहू, के नेतृत्व में बाराद्वार क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा में प्रवेश किया। संकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में रोका छेका कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।





प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले के सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ के 303 गौठानो में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार हरेली के अवसर पर सभी गौठानों में रोका छेका कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें निर्धारित 9 बिन्दु के आधार पर आयोजन किया गया। विदित हो कि हरेली पर्व छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व है जिसके तहत किसानों के द्वारा खेती-किसानी कार्य में उपयोग होने वाले औजार हल आदि की पूजा-अर्चना कर ग्राम राज्य की खुशहाली की कामना की जाती है। पारंपरिक रूप से इस दिन ग्राम में गेड़ी चढ़ी जाती है तथा गांवों में तरह तरह की प्रतियोगिता आयोजित कराई जाती है।

# जिला कार्यालय में स्थापित मतदान जागरूकता कक्ष का निरीक्षण पहुंचे-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़- सूरजपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने जिला कार्यालय में स्थापित मतदान जागरूकता कक्ष का निरीक्षण किया। संयुक्त जिला कार्यालय में ईवीएम एवं व्हीव्ही पैट मशीन के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला कार्यालय के जागरूकता कक्ष में लोगों को जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदान कर्ता को ईवीएम व व्हीव्ही पैट मशीन को बहुत सावधानी से उपयोग करना चाहिए। अधिकारी ने लोगों को सबसे पहले यह बात बतायी कि हमें बैलेट यूनिट के हरी बटन पर ध्यान देना है। जब तक हरी बटन नहीं जलेगी। आप वोटिंग नहीं कर सकते है। आपके मन में यह बात रहती है। कि हम जिस प्रत्याशी को वोट देते है। उसी के नाम की पर्ची व्हीव्ही पैट में गिरती है। इसी बात को समझाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सबसे पहले जब आज वोटिंग करने जाते है। तो अपना परिचय पत्र एवं वोटर पर्ची लेकर जाना है। जब आप बैलेट यूनिट के पास जाते है। तो सबसे पहले आपको हरी बटन पर ध्यान देना है। यह बटन जल रही या नहीं। कभी-कभी आप क्या करते हैं, कि जल्दी-जल्दी में आते हैं और बटन को दबा कर चले जाते हैं। आपको लगता है कि आप ने वोटिंग कर दिया पर ऐसा होता नहीं है। सबसे पहले इस बात पर ध्यान देना है कि बैलेट यूनिट की हरी बटन जली हुई होना चाहिए। बैलेट यूनिट की हरी बटन जली हो तो समझना कि बैलेट यूनिट वोटिंग के तैयार है। अब आप प्रत्याशी का नाम देख लीजिए। उसका प्रतीक चिन्ह देख लीजिए। उसी के सामने नील रंग में अंगूठे के निशान जैसा बटन बना है। उसे दबा दीजिए। जैसे ही आप बटन दबाऐंगे, तीर के निशान जैसा लाल बटन जलेगा। जैसे ही लाल तीर के निषान वाली बटन जलेगी आप व्हीव्ही पैट में देख सकते है कि आपने जिस प्रत्याशी को आपने वोटिंग किया है। उसी के नाम की निषान की पर्ची कटी मिलेगी। सात सेकंड बाद वह पर्ची गिर जाएगी। एक बीप की आवाज आएगी और लाल बटन बंद हो जाऐगी। इसका मतलब आपका मतदान हो गया है।



जागरूकता अभियान के माध्यम से सुनील कुमार पाण्डेय तथा राजू लोचन मिश्रा के द्वारा आज 89 लोगों को जागरूक किया गया।

# लड़की छेड़ने की बात को लेकर युवक पर चाकू से घातक हमला

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

थाना क्षेत्र अंतर्गत एक लड़की के साथ छेड़खानी की बात को लेकर 5 लोगों ने मिलकर पहले एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और फिर उसकी बाइक और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस घटना में घायल युवक के सर पर सात चोटें आईं हैं। जिसे धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इस मामले की शिकायत पर धरमजयगढ़ थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना के बारे में विवेचना अधिकारी मिंज ने बताया कि रैरुमा चौकी के केकरानारा गांव का निवासी युवक बालक राम पण्डो पिता दर्शन सिंह पण्डो अपने दो साथी ललित पण्डो और रामेश्वर पण्डो के साथ अपने भांजे की छठी कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से धौंराखोल गांव गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान रात में 10 बजे सोखामुड़ा गांव के एक तालाब के पास रुके हुए थे। इस बीच वहां एक बाइक में 5 अज्ञात व्यक्ति आए और लड़की को छेड़ने की बात कहते हुए उन्हें धमकाने लगे। इसके बाद आरोपी उन लोगों को कमतरा गांव लेकर गए जहां उन्होंने एक लड़की से युवकों के बारे में पूछताछ की। जिस पर लड़की ने उनके बारे में जानकारी नहीं होना बताया। जिसके बाद आरोपी तीनों युवकों को लेकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जमाबीरा और सिसरिंगा गांव के बीच जंगल में आरोपियों ने युवकों की बाइक को रुकवाया और गाड़ी का प्लग और चाबी निकाल लिया। जिसके बाद आरोपियों ने फिर से लड़की के साथ छेड़छाड़ की बात को लेकर बालकराम के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। यह देखकर बालकराम के दोनों साथी डरकर वहां से भाग गए। आरोपियों ने चाकू से बालकराम के सर पर कई वार किए जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद आरोपी घायल युवक की बाइक व मोबाइल लूटकर ले गए। कुछ समय बाद बालकराम के दोनों दोस्त वहां वापस आए और परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। विवेचना अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 3 बजे इस मामले की तहरीर मिली जिसके बाद उनकी टीम तत्काल अस्पताल पहुंची।



**बाइक और मोबाइल लूटकर फरार हुए अज्ञात आरोपी**

## एक नजर

### गेड़ी दौड़ एवं नारियल फेंक कर ओपी ने मनाया हरेली तिहार

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

छत्तीसगढ़ की परंपरा संस्कृति के प्रतीक हरेली त्यौहार पर प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए आज सोशल मीडिया में छत्तीसगढ़ी में संदेश जारी करते हुए लिखा कि हमारे छत्तीसगढ़ के किसान भाई बहनों की उन्नति के प्रतीक हमारी छत्तीसगढ़िया परंपरा एवं संस्कृति के प्रतीक पावन त्यौहार हरेली की सभी छत्तीसगढ़ वासियों को बधाई। गेड़ी चढ़ते हुए सोशल मंच में उनके वीडियो को भी हजारों लोगो ने देखा। सोशल मिडिया में गेड़ी चढ़ी हुई तस्वीर की डीपी भी लगाई। जिला भाजपा कार्यालय में आज वे हरेली त्यौहार के आयोजन में शामिल हुए और गेड़ी दौड़ एवं नारियल फेंक प्रतियोगिता शिरकत की।





### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किश्त के लिए पात्र किसानों को ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं भूमि सीडिंग कराना अनिवार्य

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।

केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए 14वीं किश्त के लिए ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं भूमि-लैण्ड सीडिंग को अनिवार्य किया गया है। 2 हजार 698 कृषकों का ईकेवायसी होना लंबित है। कृषक ईकेवायसी का कार्य नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, सीएससी में करवा सकते हैं। जिले में 2854 कृषकों का आधार सीडिंग नही हुआ है। आधार सीडिंग का कार्य संबंधित बैंकों के बैंक खाते में आधार अपडेट कराने के बाद डीबीटी इनेबल कराने के बाद पूर्ण होता है। कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा लगातार लाभार्थियों से सम्पर्क कर संबंधित बैंकों में भेजा जा रहा है। इसके अलावा इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक, पोस्ट ऑफिस में खाता खोलकर किसान अपना आधार सीडिंग करवा सकते हैं इसके लिए कृषक अपने क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार लैण्ड सीडिंग हेतु कृषक अपने बेनिफिसरी स्टेटस में लैण्ड सीडिंग नंबर दिखने पर क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी में अपने बी-1 के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा करने पर लैण्ड सीडिंग का कार्य कृषि विभाग द्वारा संचालनालय कृषि रायपुर से एनआईसी पोर्टल में अपलोड करने के बाद लैण्ड सीडिंग का कार्य पूर्ण होता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं लैण्ड सीडिंग कराना अनिवार्य है। पात्र किसान शीघ्र ही लोक सेवा केन्द्र, सीएससी एवं अपने बैंक में जाकर ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं लैण्ड सीडिंग, बी-1 अपलोड कार्य पूर्ण करें। उपरोक्त सभी दस्तावेज अपलोड या सीडिंग नहीं करने पर किसानों के आगामी किश्त भुगतान होने में बाधा आ सकता है।

### मामूली बात पर युवक को पीटा

**रायपुर** । गांधी नगर पंडरी में मामूली बात पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष विभार 22 वर्ष गांधी नगर पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी आसिफ खान ने प्रार्थी से एक्टिवा मांगा, जिसे प्रार्थी ने देने से मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट कर वाहन में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 427, 506 के तहत कार्रवाई की है।

### महिला से मारपीट

**रायपुर** । ग्राम केसला में तीन युवकों ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया शकुंतला देवागंन 35 वर्ष ग्राम केसला की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पति को तालाब में मछली जाल लगाने की विवाद पर आरोपी भूतवा धीवर, गोईहा धीवर व अन्य ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

# क्विड कार में ओड़िसा शराब की तस्करी करते 3 आरोपी गिरफ्तार

## मेडिकल कॉलेज रोड पर चक्रधरनगर पुलिस ने किया शराब रेड कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर सीमावर्ती राज्य एवं जिले से सटे जिलों से वाहनों की आवाजाही पर सतत निगाह रखी जा रही है। थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने मुखबिर सक्रिय कर रखा गया है। इसी क्रम में कल शाम थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबिर से क्विड कार में उड़ीसा से 3 शराब तस्करों द्वारा जिले में शराब लाये जाने की सूचना मिली। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा शराब रेड के लिये टीम तैयार कर चेक पाइंट लगाने के निर्देश दिये । चक्रधरनगर की टीम द्वारा मेडिकल कॉलेज एमसीएच हॉस्पिटल के पास नाकेबंदी कर शराब रेड कार्यवाही किया गया जिसमें उड़ीसा से शराब ला रहे 3 आरोपीआलोक कुमार बघेल, अनयजीत भगत और प्रवीण पटेल को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया जिनके कब्जे से 10 बीयर बॉटल, 02 बॉटल मैकडावल अंग्रेजी शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त सीजी 13 एएम 9007 क्विड कार की जप्ती की गई है।




**अंग्रेजी शराब के साथ रेनॉल्ट क्विड कार जब्ती, आरोपियों पर आबकारी एक्ट की कार्यवाही**

शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर प्रशांत राव आहेर, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, हेमप्रकाश सोन, आरक्षक डहरू उरांव, चन्द्रकुमार बंजारे, अभय यादव शामिल थे। गिरफ्तार आरोपी आलोक कुमार बघेल उम्र 36 वर्ष, दिनदयाल पटेल हनुमान मंदिर के पास कृष्णा नगर थाना चक्रधरनगर रायगढ़ , अनयजीत भगत उम्र 31 वर्ष सा. सुरेशपुर तह. पत्थलगांव जिला जशपुर हा.मु. मेडिकल कालेज रायगढ़,चौकीदार प्रवीण पटेल उम्र 26 वर्ष साकिन कृष्णा नगर थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़।

# कोसरिया महरा समाज का सामाजिक समरसता बैठक मोखागुडा में

## सामाजिक एकता को तोड़ने वालों पर समाज नकेल डालेगी

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

कोसरिया महरा समाज का जिला स्तरीय बैठक देवभोग के मोखागुडा में भारी संख्या मे उपस्थिति बीच सम्पन्न हुई। जिसमे सामाजिक एकता और अखंडता पर वृहत चर्चा किया गया। हालही के दिनों में कोसरिया महरा समाज में कतिपय लोगों की मनमानी चल रही थी। जिसको लेकर समाज में आक्रोश था जिन पर सामाजिक नकेल कसने यह समरसता बैठक रखी गयी थी। इस बैठक के सभापति दीनानाथ कश्यप,मुख्य अतिथि राजकुमार कश्यप, हीरालाल कश्यप,भीम कश्यप, अशोक कश्यप, महरा समाज संरक्षक निरंजन कश्यप, सचिव कुमेन्द्र कश्यप प्रवक्ता केशरी कश्यप,गजेन्द्र कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन कश्यप गोपाल दिवाकर अरुण कश्यप,सह सचिव जगदीश कश्यप, कोषाध्यक्ष खिरनाथ कश्यप,सह कोषाध्यक्ष अनूप कश्यप,रामाधीन कश्यप,शेष नारायण कश्यप, कंवरलाल कश्यप,दिगंबर कश्यप, अशोक कश्यप,सुरेश कश्यप,फूलचंद कश्यप नीलाम्बर कश्यप, अच्युतानंद कश्यप, गौरीशंकर कश्यप,गणपत कश्यप,याचन कश्यप,प्रीत कश्यप एवं कार्यकारिणी के सदस्य तथा सभी गांव के मांदी मुखिया उपस्थित थे।



### समरसता को ठेस पहुंचाया तो मिलेगा दण्ड

महरा समाज ने बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया जिससे अब समाज के खिलाफ दुष्प्रचार करने, नशाखोरी करना,और ऐसा कोई कार्य जिससे समाज के प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे ऐसे लोगों पर समाज कानूनी के साथ साथ सामाजिक दण्ड विधान के अनुसार कार्यवाही करेगी। कोसरीया महरा समाज जिला अध्यक्ष माखन कश्यप कहा समाज पांच वर्ष में आमसभा के जरिये संचालन समिति बनाता हैं पर कुछ सामाजिक कार्यकर्ता अपनी अलग समिति बनाकर समाज के नियमो के खिलाफ कार्य कर रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ भी करवाई जरूरी है।

### अनुसूचित जाति का दर्जा समाज में खुशी

महरा,माहरा समुदाय को जग अनुसूचित जाति के सरल क्रमांक 33 में मेहरा, महार और मेहर जाति के साथ प्रतिस्थापित करने केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। बैठक में समाज के जिला सचिव कुमेन्द्र कश्यप ने उक्त खबर की जानकारी देते हुये कहा राज्य सरकार के प्रस्ताव और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के पत्राचार से केन्द्र केबिनेट ने मंजूरी दे दी। समाज में खुशी की लहर देखी गयी और बैठक में समाज ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in